रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, शनिवार 17 अगस्त 2024 ● श्रावण शुक्ल पक्ष 13 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 5 ● वर्ष : 2, अंक : 129 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 33.0 | 27.3 |
| जमशेदपुर | 33.5 | 25.2 |
| डालटनगंज | 33.8 | 25.9 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* *




## राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री ने वाजपेयी को श्रद्धांजलि दी



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की छठी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी पुष्पांजलि अर्पित की.

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 66,900 |
| चांदी (किलो) | 86,000 |

**ब्रीफ खबरें**

### अस्पताल में तोड़फोड़ के मामले में 24 गिरफ्तार

**कोलकाता।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में तोड़फोड़ और हिंसा मामले में अब तक 24 लोगों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय ने 22 अगस्त तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है. बता दें कि 14 अगस्त की रात को अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड पर भीड़ ने हमला किया था.

### जम्मू-कश्मीर व हरियाणा में विस चुनाव की घोषणा

**नयी दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर व हरियाणा में विधानसभा चुनाव की घोषणा कर दी है. जम्मू कश्मीर में 18 सितंबर, 25 सितंबर और एक अक्टूबर को तीन चरणों में, जबकि हरियाणा में एक ही चरण में एक अक्टूबर को विधानसभा चुनाव होंगे. - पेज 12 देखें.

### यूनुस ने मोदी को हिन्दुओं की सुरक्षा का भरोसा दिया

**नयी दिल्ली।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मो यूनुस ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने देश में हिन्दुओं की रक्षा व सुरक्षा का आश्वासन दिया. वहीं, मोदी ने शांतिपूर्ण बांग्लादेश के लिए भारत के समर्थन को दोहराया.

### शेख हसीना के खिलाफ हत्या का एक और केस

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ एक शिक्षक की मौत के आरोप में हत्या का एक और केस दर्ज किया गया. मुकदमा में आवामी लीग के महासचिव ओबैदुल कादर को भी नामदज आरोपी बनाया गया है.

### देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.8 अरब डॉलर घट गया

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार नौ अगस्त को समाप्त सप्ताह में 4.8 अरब डॉलर घटकर 670.119 अरब डॉलर रह गया. आरबीआई के अनुसार, नौ अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा आस्तियां 4.079 अरब डॉलर घटकर 587.96 अरब डॉलर रह गईं.

**मोरहाबादी मैदान में सीएम बोले- विरोधी तत्वों ने विकास की राह में रोड़े डाले**

# अक्टूबर तक 35 हजार पदों पर नियुक्तियां होंगी : हेमंत

विशेष संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गुरुवार को रांची के मोरहाबादी मैदान में झंडोत्तोलन किया. इस दौरान उन्होंने झारखंड के वीर सपूतों के साथ-साथ स्वतंत्रता संग्राम में हिस्सा लेने वाले सेनानियों को याद करते नमन किया. स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सीएम हेमंत सोरेन ने सरकारी नौकरी को लेकर भी घोषणाएं की. उन्होंने कहा कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है. अक्टूबर तक 35 हजार पदों पर नियुक्ति हो जायेगी. उन्होंने विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कुछ विरोधी तत्वों ने सरकार गठन के बाद से ही विकास की राह में रोड़े डालने का काम किया. लेकिन जनता के भरोसे और अटूट विश्वास की बदौलत हमने हर कठिनाइयों का डट कर मुकाबला किया और विरोधी अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सके. हेमंत सोरेन ने कहा कि मुझे विश्वास है कि नीयत में इमानदारी हो, तो आपको कोई ताकत झुका नहीं सकती.

**राज्य की स्वास्थ्य बीमा योजना जल्द :** सीएम हेमंत सोरेन ने प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना की तर्ज पर राज्य के स्वास्थ्य बीमा योजना की भी घोषणा की है. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य योजना की शुरुआत करने वाली है. इसके तहत हर परिवार को 15 लाख रुपये तक की स्वास्थ्य बीमा मुहैया करायी जायेगी. साथ ही मुख्यमंत्री अस्पताल संचालक एवं रखरखाव योजना पर 135 करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगे.

### हर परिवार का ₹15 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा होगा



रांची के मोरहाबादी मैदान में गुरुवार को झंडोत्तोलन के बाद राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देते सीएम हेमंत सोरेन.

**जल, जंगल, जमीन हमारी पहचान :** सीएम ने कहा कि जल, जंगल, जमीन हमारी पहचान है. इस पहचान को बनाये रखते हुए हम विकास की ऊंचाइयों को छूने का प्रयास कर रहे हैं. हमारी सरकार ने गांव-गांव पहुंच कर समस्याओं को सुलाझाने का प्रयास किया. हर वर्ग की जरूरतों को देख कर नीतियां और योजनाएं बनायी गयीं और इसे धरातल पर उतारने का काम किया गया. इस दौरान कई चुनौतियां भी आयीं. सरकार गठन के तुरंत बाद कोराना महामारी फैल गया. इसका विकास कार्यों पर काफी बुरा प्रभाव पड़ा.

### सरकार की उपलब्धियां गिनवायीं

सीएम हेमंत ने अपनी सरकार की उपलब्धियों को भी गिनवाया. कहा कि हम गरीबों को तीन कमरों का आवास उपलब्ध करा रहे हैं. 35 लाख जरूरतमंदों को पेंशन, 20 लाख अतिरिक्त लोगों को राशन और 57 लाख से अधिक लोगों को दो बार वस्त्र देने का काम किया है. कर्ज के बोझ तले दबे किसानों को कृषि ऋण माफी योजना का लाभ दे रहे हैं. बिरसा हरित ग्राम योजना और पशुधन विकास योजना के माध्यम से किसानों की आय बढ़ा कर उन्हें सशक्त बनाया जा रहा है. फूलो झानो आशीर्वाद योजना, दीदी बाड़ी योजना और दीदी बगिया योजना के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का भी काम किया जा रहा है.

### राज्य के अग्निवीर शहीद हुए, तो उनके आश्रितों को अनुग्रह राशि दी जाएगी

▪ सीएम ने दी मंजूरी, अग्निवीर के आश्रित को अनुकंपा पर दी जाएगी नौकरी

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने मिलिट्री ऑपरेशन के दौरान वीरगति प्राप्त करने वाले राज्य निवासी सैनिक व अग्निवीर की पत्नी या आश्रित को विशेष अनुग्रह अनुदान एवं अनुकंपा के आधार पर सरकारी नौकरी प्रदान करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है. अब इस प्रस्ताव पर कैबिनेट का अनुमोदन प्राप्त किया जाएगा. राज्य सरकार द्वारा मिलिट्री ऑपरेशन के दौरान वीरगति प्राप्त करने वाले राज्य निवासी सैनिक की पत्नी या आश्रित को विशेष अनुग्रह अनुदान के रूप में 10 लाख रुपए एवं अनुकंपा के आधार पर सरकारी नौकरी प्रदान करने का प्रावधान है. वहीं, भारतीय सेना में अग्निवीर की चार वर्षों के लिए नियुक्ति होती है. इन्हें नियमित देश की रक्षा व सुरक्षा का दायित्व सौंपा गया है. अतः अग्निवीरों पर भी नियमित सैनिकों की भांति जीवन का खतरा बना रहता है. अतः, अग्निवीरों के लिए भी यह योजना लागू करने की योजना तैयार की गई है.

**इसरो ने एसएसएलवी डी- 3 रॉकेट लॉन्च किया**

# ईओएस-08 उपग्रह का सफल प्रक्षेपण

एजेंसी। श्रीहरिकोटा

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार को अपनी तीसरी और अंतिम विकासात्मक उड़ान- एसएसएलवी- डी 3 के जरिए भू प्रेक्षण उपग्रह ईओएस-08 का सफल प्रक्षेपण किया. इसरो ने भू प्रेक्षण और एसआर-ओ डेमोसैट उपग्रहों को उनकी निर्धारित कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया. रॉकेट को पूर्व निर्धारित समयानुसार सुबह नौ बजकर 17 मिनट पर चेन्नई से लगभग 135 किलोमीटर पूर्व में स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के प्रथम लॉन्च पैड से प्रक्षेपित किया गया.

ईओएस- 08 में तीन अत्याधुनिक पेलोड हैं- इलेक्ट्रो ऑप्टिकल इन्फ्रारेड पेलोड (ईओआईआर), ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम- रिफ्लेक्टोमेट्री पेलोड (जीएनएसएस-आर) और एसआईसी यूवी डोसिमीटर. यह उपग्रह दिन और रात के समय तस्वीरें खींच सकता है. इसका इस्तेमाल उपग्रह आधारित निगरानी, आपदा निगरानी, पर्यावरण निगरानी, आग लगने का पता लगाने, ज्वालामुखी गतिविधि प्रेक्षण तथा औद्योगिक एवं विद्युत संयंत्र आपदा निगरानी जैसे कार्यों के लिए किया जा सकेगा. जीएनएसएस-आर पेलोड का उपयोग समुद्री सतह की हवा का विश्लेषण, मृदा नमी आकलन, हिमालयी क्षेत्र में क्रायोस्फेयर अध्ययन, बाढ़ और जल निकायों का पता लगाने में किया जा सकेगा.




श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से एसएसएलवी डी-3 की लॉन्चिंग.

> हमारी लॉन्चिंग सही है. उपग्रह सही जगह पर पहुंच गई है. अब हम कह सकते हैं कि एसएसएलवी रॉकेट की तीसरी डिमॉन्स्ट्रेशन उड़ान सफल रही है. अब हम इस रॉकेट की तकनीकी जानकारी इंडस्ट्री को शेयर करेंगे, ताकि ज्यादा से ज्यादा रॉकेट्स बन सके. **-डॉ एस सोमनाथ**, इसरो प्रमुख

**भेदभावपूर्ण कानूनों की समाज में कोई जगह नहीं**

# भारत में एक सेकुलर सिविल कोड हो : मोदी



▪ भारत के 140 करोड़ लोगों का कर्तव्य है कि अपने कर्तव्यों को पूरा करें : पीएम

लगातार न्यूज नेटवर्क। नयी दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश को धर्म के नाम पर बांटनेवाले कानून को दूर किया जाना चाहिए. उन्होंने देश में एक सेकुलर सिविल कोड को जरूरी बताया, कहा- गलत कानूनों की आधुनिक समाज में कोई जगह नहीं है. इस पर देशभर में चर्चा होनी चाहिए. स्वतंत्रता दिवस के मौके पर गुरुवार को पीएम मोदी लाल किले की प्राचीर से देश को संबोधित कर रहे थे. मोदी ने कहा कि मौजूदा नागरिक संहिता एक कम्युनल नागरिक संहिता है. अब हमें एक धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता की आवश्यकता है. उन्होंने यह भी कहा कि भारत के 140 करोड़ लोगों का कर्तव्य है कि अपने कर्तव्यों को पूरा करें. वहीं, जो कानून सांप्रदायिक और भेदभावपूर्ण हैं, उनका कोई स्थान नहीं है. हमें एक सेकुलर सिविल कोड की जरूरत है.

**एक शब्द बदल कर मोदी ने चला नया सियासी दांव :** विपक्ष को चित करने के लिए इस बार पीएम मोदी ने अपने सियासी पिटारे से एक नया तीर छोड़ा. स्वतंत्रता दिवस पर अपने संबोधन में उन्होंने सिर्फ एक शब्द बदला. 'यूनिफॉर्म सिविल कोड' की जगह 'सेकुलर सिविल कोड' बोल दिया. इस बयान को राजनीतिक विश्लेषक मोदी का बड़ा सियासी दांव मान रहे हैं.

### 'आट्टम : द प्ले' को सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार

**नयी दिल्ली।** मलयाली फिल्म 'आट्टमः द प्ले' को शुक्रवार को घोषित राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म और सूरज बड़जात्या को हिंदी फिल्म 'ऊंचाई' के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार देने की घोषणा की गई. नित्या मेनन को तमिल फिल्म 'तिरुचित्राम्बलम' के लिए और मानसी पारेख को गुजराती फिल्म 'कच्छ एक्सप्रेस' के लिए संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के पुरस्कार के लिए चुना गया. सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार कन्नड़ फिल्म 'कंतारा' के लिए ऋषभ शेट्टी के नाम रहा. नीना गुप्ता को 'ऊंचाई' के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री और पवन मल्होत्रा को हरियाणवी फिल्म 'फौजा' के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता चुना गया. शर्मिला टैगोर और मनोज बाजपेयी अभिनीत 'गुलमोहर' ने हिंदी फिल्म का पुरस्कार अपने नाम किया है. - पेज 12 देखें.

### आज देश भर में 24 घंटे गैर आपात सेवाएं बंद की घोषणा

**नयी दिल्ली।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भीड़ द्वारा घटनास्थल पर तोड़फोड़ करने का इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने विरोध किया है. साथ ही एलान किया कि 17 अगस्त को सुबह छह बजे से 24 घंटे के लिए देश भर में गैर-आपात सेवाएं बंद रखेंगे.






**सर्कुलर बांग्लादेश की नई सरकार ने महंगी बिजली लेने से किया इनकार**

# अब देश में बिकेगी गोड्डा पावर प्लांट की बिजली

▪ 12 अगस्त को केंद्र सरकार ने जारी किया नया सर्कुलर

लगातार न्यूज नेटवर्क

बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के तख्ता पलट होने के साथ ही अडानी पावर को बड़ा झटका लगा है. अडानी ग्रुप का गोड्डा पावर प्लांट अब देश के पावर ग्रीड को ही बिजली बेचेगा. केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग ने 12 अगस्त को इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है. अब तक हो यह रहा था कि पावर प्लांट झारखंड में है, प्लांट के पास में ही कोयला उपलब्ध है, लेकिन इस थर्मल पावर प्लांट में कोयला इस्तेमाल होता था आस्ट्रेलिया का और इससे बनने वाली बिजली बांग्लादेश को बेची जाती थी. 23 जून 2023 से गोड्डा पावर प्लांट से बिजली का उत्पादन शुरु हुआ था. बांग्लादेश में विपक्षी दल व अन्य लोग अडानी ग्रुप के साथ हुए पावर एग्रीमेंट का विरोध कर रहे थे. वजह यह थी कि बांग्लादेश को जो बिजली दी जा रही थी, वह बहुत महंगी थी. अब जब बांग्लादेश में तख्तापलट हो गया, तो वहां की नई सरकार ने महंगी बिजली लेने से इंकार कर दिया.

**कस्टम ड्यूटी से मुक्त रखा गया था आयातित कोयला :** देश के सबसे महंगी (करीब 15000 करोड़ रुपये) में बनी अडानी ग्रुप की गोड्डा पावर प्लांट को लेकर अब एक अलग तरह का विवाद शुरु हो गया है. क्योंकि इस पावर प्लांट को को एसइजेड (स्पेशल इकोनॉमिक जोन) में लाया गया था. इस वजह से इसके निर्माण में लगी मशीनरी व अन्य पार्ट पुर्जों की खरीद पर कस्टम ड्यूटी माफ हो गया था. जो कोयला आयात होकर आ रहा था, वह भी कस्टम ड्यूटी से मुक्त था.



### अब आयातित कोयला और आमदनी पर टैक्स देना होगा

12 अगस्त को जारी केंद्र सरकार के सर्कुलर में कहा गया है कि पड़ोसी देश को बिजली देने वाली कंपनी के लिए बनी गाइडलाइन को संशोधित किया जाता है. अभी तक सारी बिजली बांग्लादेश को जाती थी. अब गोड्डा पावर प्लांट की बिजली नेशनल पावर ग्रीड को भी बेची जा सकती है. इस सर्कुलर के बाद नए सिरे से विवाद शुरु हो गया है. अब आयातित कोयला और बिजली बेचने से होने वाली आमदनी पर टैक्स देना होगा. अगर इस कंपनी से घरेलू इस्तेमाल के लिए बिजली की बिक्री की जाती है, तो आगे चल कर इसके निर्माण के लिए इंपोर्ट की गयी मशीनरी पर कस्टम ड्यूटी भी देना पड़ सकता है.

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने दी जानकारी : दो दिवसीय सम्मेलन होगा, जिसका थीम महिला पुलिस सेवा, सुरक्षा एवं सम्मान रखा गया है

# 23 से होगा महिला पुलिस अधिकारियों का सम्मेलन, अनुभव और चुनौतियां होंगी साझा

संवाददाता। रांची

सीएम हेमंत सोरेन की पहल पर डीजीपी अनुराग गुप्ता के नेतृत्व में दो दिवसीय अधिकारियों का दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा. इसे लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय में शुक्रवार डीजीपी अनुराग गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि यह सम्मेलन आगामी 23- 24 अगस्त को डोरंडा स्थित जैप-01 के शौर्य सभागार आयोजित किया जाएगा. इस सम्मेलन का थीम महिला पुलिस सेवा, सुरक्षा व सम्मान रखा गया है.



शौर्य सभागार में जानकारी देते डीजीपी अनुराग गुप्ता.

सम्मेलन में झारखंड राज्य के 200 से अधिक डेलिगेट्स भाग लेंगे, जिसमें राज्य के सभी जिला व इकाई से आरक्षी, हवलदार, सहायक पुलिस निरीक्षक, अवर निरीक्षक, पुलिस निरीक्षक व पुलिस उपाधीक्षक सम्मिलित होंगे. इस दौरान एडीजी सुमन गुप्ता, डीआईजी अनूप बिरथरे और एसपी ऋषभ झा और एम. राजपुरोहित उपस्थित थे.

**जानें क्या है सम्मेलन का उद्देश्य**

- महिला पुलिस अधिकारियों के अनुभवों और चुनौतियों को साझा करने का मंच प्रदान करने.
- महिलाओं के खिलाफ अपराधों की रोकथाम और अनुसंधान में प्रभावी रणनीतियों पर चर्चा करना.
- महिला पुलिस अधिकारियों के कौशल विकास और क्षमता निर्माण पर ध्यान केंद्रित करना.
- पुलिस बल में महिलाओं की संख्या बढ़ाने और उनकी पदोन्नति के अवसरों पर विचार-विमर्श करना.
- -महिलाओं के प्रति संवेदनशील पुलिसिंग के लिए आवश्यक कदमों पर चर्चा करना.

**महिला पुलिस अधिकारी और कर्मियों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई :** डीजीपी ने जानकारी देते हुए बताया कि हाल के दिनों में महिला पुलिस अधिकारी एवं कर्मियों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है. महिला पुलिसकर्मियों के सहयोग से अपराध नियंत्रण, महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों की रोकथाम व समाज में सुरक्षा की भावना उत्पन्न होता दिख रहा है. इसके लिए राज्य के सभी जिलों में महिला थाना का सृजन किया गया है. जहां महिलाएं अपनी विभिन्न प्रकार की समस्याओं को निर्भीक होकर महिला पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों को अवगत करा रही है. जिसका उनलोगों द्वारा संवेदनापूर्वक समाधान किया जा रहा है.

**प्रशिक्षण संस्थानों में भेजकर प्रशिक्षित कराया जा रहा है :** डीजीपी ने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-173 में वर्णित प्रावधानों का अक्षरशः अनुपालन कराने के लिए महिला पुलिस पदाधिकारियों की संख्या लगातार बढ़ायी जा रही है और स्थानीय थाना स्तर पर पदस्थापित किया जा रहा है. झारखंड पुलिस के द्वारा समय-समय पर महिला पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों की रोकथाम एवं अनुसंधान में दक्षता के लिए देश के ख्याति प्राप्त प्रशिक्षण संस्थानों में भेजकर प्रशिक्षित कराया जा रहा है. महिला अधिकारियों की चुनौती, उपलब्धि और भविष्य की कार्ययोजना पर सम्मेलन में विशेष तौर पर चर्चा की जाएगी. यह सम्मेलन प्रत्येक वर्ष आयोजित किया जायेगा.

**बदला शिड्यूल:** मुख्यमंत्री 18 अगस्त को पाकुड़ में बहन-बेटियों के खाते में ट्रांसफर करेंगे राशि

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अब कल ही करेंगे मंईयां योजना का शुभारंभ

विशेष संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रक्षाबंधन के दिन झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां योजना का शुभारंभ करने वाले थे. लेकिन शिड्यूल में बदलाव किया गया है. सीएम हेमंत सोरेन अब रक्षाबंधन के एक दिन पूर्व 18 अगस्त को ही पाकुड़ में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का शुभारंभ करेंगे. इसके तहत महिला लाभुकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से एक हजार की सम्मान राशि ट्रांसफर की जायेगी. मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गुरुवार को आवासीय कार्यालय में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया. वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये आयोजित बैठक में मुख्य सचिव एल. खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव मनोज कुमार, सूचना एवं प्रौद्योगिकी सचिव विप्रा भाल समेत विभिन्न जिलों के उपायुक्त शामिल हुए.



राजधानी में आयोजित बैठक में सीएम मंईयां योजना की जानकारी लेते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन.

**खास बातें**

- सम्मान राशि जारी करने की तारीख तय होनी चाहिए
- 55 प्रतिशत से ज्यादा आवेदनों को मिल चुकी है स्वीकृति
- 18 अगस्त तक विशेष शिविरों का होगा आयोजन

**एसएमएस के माध्यम से लाभुकों को दें जानकारी :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बैठक में इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए विशेष शिविरों में मिल रहे आवेदनों और अब तक स्वीकृत आवेदनों की विस्तृत समीक्षा की. साथ ही उन्होंने अधिकारियों को कई अहम निर्देश भी दिये. मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना के लिए जो महिलाएं आवेदन कर रही हैं, उनके आवेदन की प्राप्ति, स्वीकृति और चयनित लाभुकों के खाते में सम्मान राशि ट्रांसफर किये जाने की जानकारी एसएमएस के माध्यम से दें. ताकि उनको यह पता चल सके कि उनके बैंक खाते में सम्मान राशि डाली जा चुकी है. उन्होंने संबंधित अधिकारियों को लाभुक महिलाओं को एसएमएस के जरिये साइबर अपराध से बचाव को लेकर जागरूकता संदेश भेजने का निर्देश दिया है.

**सम्मान राशि जारी करने की तारीख करें तय :** मुख्यमंत्री ने महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के खाते में हर महीने की एक निश्चित तारीख तक सम्मान राशि ट्रांसफर करना सुनिश्चित करें. अधिकारियों को सम्मान राशि हस्तांतरित करने में विलंब नहीं करने को कहा है. मुख्यमंत्री ने आवेदन लेने की प्रक्रिया में अभी भी जो त्रुटियां हैं, उसे अविलंब दूर करने का निर्देश दिया है. ताकि कोई भी महिला इस योजना का लाभ लेने से वंचित न रहे. साथ ही योजना को लेकर लगाये जा रहे विशेष शिविर को 18 अगस्त तक जारी रखने को कहा है. उन्होंने यह भी कहा कि यह सतत चलने वाली एक योजना है. ऐसे में आवेदन जमा करने की प्रक्रिया निरंतर चलती रहेगी. योग्य लाभुक कभी भी प्रज्ञा केंद्रों के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने बताया कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए चल रहे विशेष शिविरों में अब तक 36 लाख 69 हज़ार 378 महिलाओं ने आवेदन दिया है. इनमें से 20 लाख 37 हज़ार 754 आवेदन स्वीकृत हो चुके हैं.

### टूटे रिकॉर्ड, मंईयां योजना के 40 लाख आवेदन हुए जमा : मुख्यमंत्री

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का ड्रीम स्कीम झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां योजना के रिकॉर्ड टूट गए. शुक्रवार को 40 लाख आवेदन फॉर्म जमा हो गए. इसकी जानकारी खुद मुख्यमंत्री सोरेन ने एक्स हैंडल के जरिए शेयर की. उन्होंने कहा कि ' 'मुख्यमंत्री मंईयां योजना के 40 लाख फॉर्म जमा हो चुके हैं. वहीं, 31 लाख बहनों के आवेदन की जांच और प्रशासनिक स्वीकृति का काम भी पूरा कर लिया गया है. दो सप्ताह से भी कम समय में यह उपलब्धि दर्शाती है कि इस योजना ने जन मुहिम का रूप ले लिया है. बताते चलें कि इसका लक्ष्य 50 लाख महिलाओं को जोड़ने का रखा गया है. मगर अभी ही 40 लाख पहुंच जाना इस स्कीम की सफलता की कहानी खुद कह रही है.

**कोर्ट की खबरें**

संदीप प्रमाणिक हत्याकांड

## दो आरोपियों को मिली बेल

संवाददाता। रांची

राजधानी के महात्मा गांधी मार्ग स्थित एक्सट्रीम बार में बीते 26 मई को डीजे संदीप प्रमाणिक की हत्या मामले में मुख्य अभियुक्त अभिषेक सहित 14 आरोपियों में से दो को हाईकोर्ट से राहत मिली है. झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश सुभाष चांद ने आरोपियों में शामिल यूनियन बैंक ऑफ इंडिया रामगढ़ के बैंक मैनेजर प्रतीक सिंह व समरूद्दीन को सशर्त 30-30 हजार रुपये के मुचलके के साथ जमानत दी है. यहां बता दें कि 26 मई 2024 की रात एक्सट्रीम बार के डीजे संचालक संदीप प्रमाणिक की हत्या नशे की हालत में गोलियों से भूनकर कर दी गई थी.

### जयराम महतो को हाईकोर्ट से मिली अग्रिम जमानत

**रांची।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के अध्यक्ष जयराम महतो को झारखंड हाईकोर्ट ने अग्रिम जमानत दे दी है. इससे पहले 18 जून को रांची सिविल कोर्ट ने जयराम महतो को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया था. इसके बाद 18 जुलाई को उन्होंने अपनी अग्रिम जमानत के लिए झारखंड हाईकोर्ट में गुहार लगायी थी. जयराम महतो के खिलाफ रांची पुलिस ने रांची के नगड़ी थाना में वर्ष 2022 में दर्ज कांड संख्या 48 में वारंट लिया है. वारंट प्राप्त करने के बाद रांची पुलिस ने गिरिडीह में जयराम महतो को गिरफ्तार करने के लिए दबिश भी दी थी, लेकिन वह पुलिस की पकड़ में नहीं आया.



### अवैध खनन मामला : राहुल को मिली बेल

**रांची।** साहिबगंज में हुए 1000 करोड़ से ज्यादा के अवैध खनन मामले में आरोपी दाहू यादव के बेटे राहुल यादव को हाईकोर्ट ने बेल दे दी है. राहुल यादव ने रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट से जमानत याचिका खारिज होने के बाद हाईकोर्ट में गुहार लगायी थी. राहुल की बेल पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय द्विवेदी की कोर्ट में सुनवाई हुई. बता दें कि राहुल ने हाईकोर्ट के आदेश के बाद सरेंडर किया था. फिलहाल वह न्यायिक हिरासत में है.

विनोबा भावे विश्वविद्यालय
हजारीबाग

78वां स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

विनोबा भावे विश्वविद्यालय पिछले तीन दशकों से शिक्षा की मशाल जलाते हुए शिक्षा जगत में नये कीर्तिमान स्थापित करने में सफल रहा है।
कला, विज्ञान, वाणिज्य, भाषा विज्ञान, संस्कृति, परंपरा में बिखरे हुए ज्ञान के प्रत्येक बिन्दु को महासिंधु बनाने की ओर अग्रसर।
सबका साथ, सबका विकास के कथन को चरितार्थ करते हुए 78वां स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर पूरे प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं अभिनंदन।



श्रीमती सुमन कैथरीन किस्पोट्टा
कुलपति
विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग

ज्ञापांक-वि.भा.वि/स्था./1940/2024 दिनांक 14.08.24

## पूर्व सांसद की बेटी का निधन हेमंत-कल्पना ने दी श्रद्धांजलि





- नई दिल्ली से शुक्रवार को लाया गया पार्थिव शरीर

संवाददातात। रांची

जमशेदपुर की पूर्व सांसद सुमन महतो और पूर्व दिवंगत सांसद सुनील महतो की बेटी अंकिता महतो का निधन हो गया. अंकिता का पार्थिव शरीर शुक्रवार की सुबह नयी दिल्ली से रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट लाया गया. यहां सीएम हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी व विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. हेमंत सोरेन और कल्पना ने दिवंगत आत्मा को शांति और शोक संतप्त परिजनों को इस दुख की इस घड़ी में शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से कामना की.

### स्वतंत्रता दिवस के मौके पर होटवार जेल में बंद 50 से ज्यादा कैदी रिहा किए गए

**रांची।** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (होटवार जेल) में बंद 50 से ज्यादा कैदियों के लिए स्वतंत्रता दिवस आजादी का दिन साबित हुआ. स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रांची बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में वार्षिक जेल अदालत लगायी गयी. इस दौरान छोटे-मोटे सुलह योग्य मामलों में कई महीनों से बंद विचाराधीन कैदियों को अपराध स्वीकार करने और अन्य परिस्थितियों को देखकर रिहा करने पर सहमति बनी. जेल अदालत के मौके पर रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव कमलेश बेहरा और अन्य न्यायिक पदाधिकारी मौजूद रहे. दरअसल स्वतंत्रता दिवस के मौके पर जेल में बंद कैदियों द्वारा दोष स्वीकार के बाद उन्हें रिहा करने की प्रक्रिया शुरू की जाती है. जेल अदालत के दौरान जिन कैदियों को रिहा किया जाता है, उनकी आपराधिक पृष्ठभूमि का भी पूरा ध्यान रखा जाता है.

## जेपीएससी के परीक्षाफल को लेकर छात्रों ने कार्यालय घेरा



- राज्य में आचार संहिता लागू होने से पहले जेपीएससी मुख्य परीक्षा का परिणाम जारी करने की मांग
- छात्रों ने कहा- 22 अगस्त तक रिजल्ट जारी हो जाना चाहिए

संवाददाता। रांची

जेपीएससी का रिजल्ट समय पर प्रकाशित नहीं होने पर छात्रों में गुस्सा है. शुक्रवार को सैकड़ों छात्रों ने जेपीएससी कार्यालय का घेराव किया. छात्रों ने कहा कि 30 जुलाई 2024 को जेपीएससी कार्यालय द्वारा रिजल्ट प्रकाशित करने का नोटिस जारी किया गया था.कहा गया था कि अगस्त के दूसरे सप्ताह में जेपीएससी मेंस परीक्षा 11 वीं और 13 वीं का रिजल्ट जल्द प्रकाशित हो जाएगा . लेकिन रिजल्ट प्रकाशित नहीं होने पर छात्रों का सब्र टूट गया और आज कार्यालय का घेराव किया गया. छात्रों का कहना है कि झारखंड में विस चुनाव होना है. राज्य में आचार संहिता लागू होने से पहले जेपीएससी मुख्य परीक्षा का परिणाम घोषित होना चाहिए. छात्रों ने कहा कि 22 अगस्त तक रिजल्ट जारी हो जाना चाहिए.

RADHA GOVIND SHIKSHA SWASTHAYA TRUST

(Under Indian Trust Act 1882)
Goushala road vikash nagar opp railway station ramgarh cant p.s p.o and dist ramgarh pin 829122 jharkhand
City office : sumati vihar complex opp adiwasi boys hostal jail, chowk karamtoli road ranchi 834001
corporate office c-1 kalka ji near vairav mandir beside kalka ji police station new delhi - 110019
www.rgsstramgarh.org email- rgsst 18@gmail.com bnsah123@gmail.com
contact no. 9431188704, 9835107762, 9430725218

Extends Best Wishes and Compliments on the eve of 78th Independence Day to the people of jharkhand

Radha Govind University, Ramgarh, Jharkhand
Radha Govind Sr Sec, Public School Ramgarh, Jharkhand
Radha Govind Inter College, Ramgarh, Jharkhand
Radha Govind High School, Ramgarh, Jharkhand

Baijnath Sah
Chairman, RGSST

**ट्रेनिंग** सीपीआर पर हुआ एक दिनी प्रशिक्षण कार्यक्रम

# सीपीआर एक आपातकालीन उपचार है : डॉ. शुभम शेखर

संवाददाता। रांची

संयुक्त कृषि भवन में स्थित जिला उद्यान पदाधिकारी के कार्यालय सभागार में शुक्रवार को कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया. इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में रांची सदर अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शुभम शेखर ने सीपीआर और इसके उपयोग के बारे में बताया, ताकि कार्डियक अरेस्ट आने पर खुद से मरीज की जान बचायी जा सके. बताया कि सीपीआर एक आपातकालीन उपचार है. जब किसी मरीज की दिल की धड़कन रुक (कार्डियक अरेस्ट) जाती है, तो इसका इस्तेमाल किया जाता है. इसका इस्तेमाल करने से मरीज के बचने की संभावना बढ़ जाती है. इस कार्यक्रम में जिला उद्यान पदाधिकारी महेश राम, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी मुकेश गगराई और संयुक्त कृषि भवन परिसर अवस्थित कार्यालय के पदाधिकारियों व कर्मियों ने भाग लिया.



संयुक्त कृषि भवन में आयोजित कार्यक्रम में चिकित्सक व प्रशिक्षु.

### दिल्ली के झारखंड भवन में फहराया गया तिरंगा

**रांची।** दिल्ली स्थित झारखंड भवन में झारखंड के स्थानिक आयुक्त अरवा राज कमल ने ध्वजारोहण किया. अरवा राज कमल ने झारखंड सरकार की तरफ से सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी. इस अवसर पर झारखंड भवन के वरिष्ठ पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे. लाल किले में आयोजित स्वतंत्रता दिवस उत्सव में भारत सरकार ने झारखंड के पंचायत स्तर पर विशिष्ट कार्य करने वालों को आमंत्रित किया. सभी ने पंचायती राज की निदेशक निशा उरांव की उपस्थिति में कार्यक्रम में भाग लिया. गिरिडीह के तिरला बगोदर की सरिता देवी को पंचायत स्तर पर आत्मनिर्भर संरचना के लिए, रांची के कांके स्थित पिठोरिया की मुन्नी देवी को पेयजल एवं स्वच्छता के उत्कृष्ट कार्य के लिए और गुमला की रश्मि लकड़ा को बच्चों के अनुकूल पंचायत बनाने में और क्रियान्वयन करने में अहम भूमिका निभाने के लिए आमंत्रित किया गया था.


क्लासिफाइड

लोहरदगा जिला के कुडु प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सलगी बाजार टांड़ के बगल पर दुर्गा बांध के समीप वर्षों से क्षेत्र की जनता की सहूलियत हेतु मोदी सीमेंट हाउस क्षेत्र की जनता को बेहतर सेवा दे रहे हैं। मोदी सीमेंट हाउस पर लोगों को उचित मूल्यों पर छड़, सीमेंट, पेंटिंग आदि सामग्रियों की उपलब्धता की गई है। सलगी पंचायत क्षेत्र के ग्राहक बेहतर क्वालिटी की सामग्रियों की खरीदारी कर समय और पैसा दोनों की बचत कर सकते हैं।



मोदी सीमेंट हाउस
सलगी बाजार टांड़, दुर्गा बांध, सलगी कुडु प्रखंड, लोहरदगा
संपर्क : 7992376863, 8340474667

ASMA Charitable Trust
Regd by Govt. Of Jharkhand
CERTIFICATE OF COMPLETION
DANCE CLASSES
Free DEMO 2 days
Enroll Now!



9334621159 / 6207234659
www.asma.org.in
4th Floor, Suman Tower, Above ICICI BANK, Near Shere Punjab chowk, Adityapur-1, Jamshedpur

BAHARAGORA, NEAR : R.V.I.School
OXYRIVER Aqua
With Minerals
Swapan Kumar Paul Mob. : 70918 66623

PLEASE SEND YOUR RESUME FOR AN INDUSTRIAL AUTOMATION ORGANISATION, MOSTLY ENGAGED WITH PRESTIGIOUS PROJECTS IN
TATA STEEL, UCIL, ISRO, BARC ETC
1. MARKETTING MANAGER : SALARY 2.4 LAKHS PA, ITI, DEE, BEE FOR JAMSHEDPUR, SALES PLC SCADA HMI KNOWLEDGE, experience 2 years
2. OFFICE ASSISTANT : SALARY 2.4 LAKHS PA, Graduate with 5 Years Work Experiance Computer Proficient, Knowledge About Tender and TATA STEEL PROCUREMENT
MAIL CV : pradeep_wk@yahoo.com

तापमान
32.4° अधिकतम | 23.0° न्यूनतम

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




रांची, शनिवार 17 अगस्त 2024 ● श्रावण शुक्ल पक्ष 13 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 129 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

# लोगों को पता ही नहीं, क्या है अर्बन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर?

**आकर्ष अनिकेत। रांची**

राजधानी की स्वास्थ्य व्यवस्था दुरुस्त करने के साथ ही साथ रिम्स व सदर अस्पताल का बोझ कम करने के लिए शहर के विभिन्न हिस्सों में दो दर्जन अर्बन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का संचालन हो रहा है. पूरे शहर में लगभग 24 सेंटर हैं, जहां मरीजों की प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था है. लेकिन मरीजों को सेंटर में प्राथमिक इलाज का लाभ मिल रहा है या नहीं. इसका जवाब ढूंढने के लिए शुभम संदेश संवाददाता ने कुछ सेंटरों का जायजा लिया, तो पाया कि कुछ की व्यवस्था दुरुस्त है, तो कुछ की डावांडोल. वहीं वेलनेस सेंटरों के आस-पास रहने वाले लोगों से बातचीत करने पर पता चला कि कई लोगों को तो ऐसे किसी सेंटर के बारे जानकारी ही नहीं है.

**तुपुदाना में हैं दो सेंटर :** तुपुदाना के आस-पास सरकारी अस्पताल नहीं होने के कारण वहां दो हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर संचालित हैं. पहला सेंटर हटिया से तुपुदाना जाने वाली मुख्य सड़क के किनारे तुपुदाना चौक से लगभग 100 मीटर पहले है, जबकि दूसरा सेंटर देवी मंडप रोड में लगभग दो किलोमीटर अंदर है. दो सेंटर होने के बावजूद इसकी जानकारी आस-पास रहने वाले लोगों को नहीं है. तुपुदाना चौक पर रहने वाले भोला बड़ाईक ने बताया उन्हें पता ही नहीं कि हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर क्या है, कहां है? पास ही में रहने वाले राकेश कुमार ने बताया कि उन्हें सेंटर के बारे में कोई जानकारी नहीं है. स्वास्थ्य खराब होने पर वे मेडिकल शॉप से ही दवाइयां ले लेते हैं. हालांकि तुपुदाना के एक किसान ने बताया कि उनका घर सेंटर के बगल में ही है. वह जब भी बीमार पड़ते हैं, तो स्वास्थ्य सेंटर जाकर इलाज कराते हैं. सेंटर में डॉक्टर से लेकर लगभग सभी दवाइयां उपलब्ध रहती हैं.

**हटिया के सेंटर में डॉक्टर और दवाइयां दोनों उपलब्ध:** हटिया के उरांव चौक पर एक हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर है. जब हमने जायजा लिया, तो हमें पता चला कि सेंटर में डॉक्टर के साथ-साथ लगभग सभी दवाइयां उपलब्ध हैं. सेंटर के पास ही रहने वाले विजय तिर्की ने बताया कि यहां इलाज की काफी अच्छी व्यवस्था है. लेकिन कभी-कभी हमें कुछ दवाइयां बाहर से भी खरीदनी पड़ती हैं. हालांकि, इस सेंटर के बारे में हटिया के काफी लोगों को पता ही नहीं है.

## अजब-गजब डॉक्टर भी हैं, दवाइयां भी मिलती हैं, पर लोगों को जानकारी नहीं


धुर्वा के पास स्थित आदर्श नगर स्वास्थ्य केंद्र.


हेसाग सामुदायिक भवन में चल रहा सेंटर.


तुपुदाना के दुर्गा मंडप रोड स्थित सेंटर.

### हाईकोर्ट के पास स्थित सेंटर में न दवा और न ही कोई डॉक्टर मिले

धुर्वा स्थित हाईकोर्ट के पास मौजूद हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का जब हमने जायजा लिया, तो सेंटर में एक भी डॉक्टर मौजूद नहीं थे. यहां मौजूद अन्य कर्मियों से जब हमने पेट दर्द, दस्त व बुखार होने की शिकायत की, तो उन्होंने बुखार की तो दवा दी, पर अन्य दवाएं उनके पास उपलब्ध नहीं थी. उन्होंने कहा कि अन्य दवाइयां बाहर से लेनी पड़ेंगी. पूछने पर कि किस दवा का सेवन करना चाहिए, तो उन्होंने कहा कि मेडिकल शॉप वाले दे देंगे. उन्हीं से पूछ कर दवा ले लीजिएगा. हमलोगों को विशेष जानकारी नहीं है.

### रातू रोड व लालपुर के पीएचसी के बारे में भी लोगों के बीच जानकारी का घोर अभाव

रातू रोड टीवी टावर के पास और लालपुर के बर्धवान कंपाउंड के पीएचसी सेंटर के बारे में भी लोगों को जानकारी नहीं है. रातू रोड सेंटर के पास मौजूद एक दुकान के मालिक देवेंद्र पांडे ने बताया कि पीएचसीकी जानकारी नहीं होने से यहां काफी कम मरीज आते हैं. सेंटर के बारे में प्रचार-प्रसार करने की जरूरत है, ताकि लोगों की इसकी जानकारी हो. हालांकि जब हमने इन दोनों पीएचसी का जायजा लिया, तो सेंटर में डॉक्टर और लगभग सभी दवाइयां भी थीं. वहां काम करने वाले कर्मियों ने बताया कि यहां रोजाना कई मरीज इलाज कराने के लिए आते हैं.

### हरमू हाउसिंग कॉलोनी का सेंटर गुमनाम

हरमू हाउसिंग कॉलोनी में स्थित पीएचसी में इलाज की व्यवस्था तो अच्छी है, पर सेंटर ढूंढने में क्रम में जब हमने हाउसिंग कॉलोनी में रहने वाले लगभग दर्जन भर लोगों से पीएचसी का पता पूछा, तो किसी को सेंटर की जानकारी ही नहीं थी. लोगों से पीएचसी के बारे में पूछने पर उनका कहना था कि यहां कोई सरकारी हेल्थ सेंटर नहीं है और वह प्राइवेट अस्पतालों व क्लिनिक के बारे में जानकारी दे रहे थे. कुछ लोगों ने तो कहा कि सरकारी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के बारे में जानते ही नहीं. कब से शुरू हुआ, किसने शुरू कराया, कुछ पता नहीं है.

## ब्रीफ खबरें

### होमगार्ड जवानों ने सीएम हेमंत का आभार जमाया

**रांची।** राज्य भर के गृह रक्षक गुरुवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास पहुंचे. यहां सीएम हेमंत सोरेन से मिल कर होम गार्ड ने उनका आभार जताया. गृह रक्षक कर्मियों ने हेमंत सरकार द्वारा पुलिस के समान वेतन दिए जाने के निर्णय का स्वागत किया. उन्होंने सीएम को इस निर्णय के लिए धन्यवाद कहा.

### दुर्गा मंदिर ट्रस्ट समिति भंग, नई समिति गठित

**रांची।** श्रीदुर्गा मंदिर ट्रस्ट भवन, महावीर चौक की पुरानी समिति को धार्मिक न्यास बोर्ड ने भंग कर दिया है. साथ ही 11 सदस्यीय नई समिति गठित की गयी है. अब नवगठित समिति ही इसका संचालन करेगी. बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि ट्रस्ट के कई पदाधिकारी दिवंगत हो गए हैं, जिस कारण विशेषाधिकार का प्रयोग करते हुए पुरानी समिति भंग कर नई समिति का गठन किया गया है. विजय बर्मन, बृजमोहन यादव, शंकर साहू, निशांत कुमार सिन्हा, दीपक कुमार वर्मा, आशीष, कुमार गुप्ता बबलू, राजीव रंजन प्रसाद, रामकुमार वर्मा, शारदा भूषण उपाध्याय, आलोक गुप्ता और अधिवक्ता हृदयनाथ विश्वकर्मा को नई समिति में शामिल किया गया है.

### पथ निर्माण के प्रधान सचिव ने कांटाटोली व सिरमटोली फ्लाईओवर का निरीक्षण किया

# कांटाटोली फ्लाईओर का निर्माण 16 सितंबर तक पूरा करें : सुनील

**विशेष संवाददाता। रांची**

- 15 सितंबर के बाद एक दिन का भी एक्सटेंशन, कंपनी पर कार्रवाई होगी
- निर्माण कंपनी को एक माह के अंदर कार्य पूरा करने का नोटिस दे जुडको

कांटाटोली फ्लाईओवर का काम हर हाल में 15 सितंबर तक पूर्ण करें. यह निर्देश पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने दिया है. वे शुक्रवार को निर्माणाधीन कांटा टोली और सिरम टोली फ्लाईओवर के निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे थे. इस दौरान उन्होंने जुडको लिमिटेड द्वारा निर्माणाधीन कांटाटोली-बहुबाजार फ्लाईओवर का निर्माण कार्य 15 सितंबर तक पूर्ण करने का निर्देश दिया. उन्होंने वहां मौजूद निर्माण कंपनी और जुडको के संबंधित पदाधिकारियों को फटकार भी लगायी. कहा, निर्धारित समय तक काम पूरा नहीं हुआ, तो एक दिन का एक्सटेंशन नहीं मिलेगा, कंपनी पर कार्रवाई होगी.

सुनील कुमार ने निर्माण कंपनी के पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि फ्लाईओवर निर्माण के साथ-साथ पहुंच पथ का निर्माण भी तेज करें. सर्विस रोड अविलंब शुरू करें. आम लोगों को परेशानी न हो, यह भी जरूर सुनिश्चित करें. उन्होंने फ्लाईओवर के साथ-साथ सर्विस रोड पर दोनों तरफ स्ट्रीट लाइट लगाने के निर्देश दिये, ताकि रात्रि में कोई दुर्घटना न हो. विभाग के प्रधान सचिव ने समय पर कार्य पूरा करने के लिए मैनपावर और मशीन बढ़ाने को कहा है. वहीं, दूसरे विभागों के साथ समन्वय में कोई समस्या आ रही है, तो उसे बताने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि समस्या है, तो शेयर करें, अविलंब समाधान होगा. जुडको को यह भी निर्देश दिया गया है कि निर्माण कंपनी को एक माह के अंदर कार्य पूरा करने का नोटिस जारी करें.


कांटाटोली फ्लाईओवर का जायजा लेते प्रधान सचिव सुनील कुमार.

**ये निर्देश भी दिये गये**

- रेलवे ट्रैक के ऊपर केबल और झूला पर हैंगिग ब्रिज रहेगा.
- **मेकॉन से निवारणपुर तक कार्य सितंबर तक हर हाल में पूरा करें.**
- सिरमटोली से निवारणपुर तक का भी निर्माण कार्य समानांतर ही चलता रहे.
- **किसी भी विभाग के साथ समन्वय में परेशानी हो तो अविलंब बताएं.**
- सर्विस रोड को दुरुस्त करें, ब्रिज के नीचे ग्रिनरी को बढ़ावा दें.
- **ग्रिनरी के लिए अभी से प्लांटेशन शुरु कर दें.**
- ट्रैफिक पुलिस से समन्वय कर रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ट्रैफिक डायवर्ट कर काम करें.

**समस्या की जानकारी मुझे दें, बिलंब बर्दाश्त नहीं करेंगे :** प्रधान सचिव सुनील कुमार ने मेकॉन-सिरमटोली फ्लाईओवर का निर्माण कार्य देखने भी पहुंचे. उन्होंने पथ निर्माण विभाग और एलएंडटी के अभियंताओं को आवश्यक निर्देश दिये. कहा कि यह फ्लाईओवर रांची के लिए काफी महत्वपूर्ण है और इसके निर्माण के बाद मेन रोड और कडरू ओवरब्रिज पर दबाव कम होगा. शहर का एक बड़ा इलाका ट्रैफिक जाम से मुक्त होगा. उन्होंने पदाधिकारियों से कार्य तेज करने का निर्देश देते हुए कहा कि अगर रेलवे और पेयजल स्वच्छता और अन्य विभागों के साथ समन्वय में कोई परेशानी है, तो उसकी जानकारी हमें दें. हम तुरंत समाधान करेंगे पर कार्य में विलंब बर्दाश्त नहीं होगा. फ्लाईओवर के सिविल वर्क के साथ-साथ केबलिंग का कार्य तुरंत शुरू करें.

# केशव महतो कमलेश प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बने

### मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव कांग्रेस विधायक दल के नेता बनाये गए

**संवाददाता। रांची**

कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने शुक्रवार को पूर्व मंत्री केशव महतो कमलेश को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनाया है. केशव महतो कमलेश कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष थे. वहीं, हेमंत सरकार में मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव को विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल का नेता घोषित किया है. आलमगीर आलम के इस्तीफे के बाद से यह पद रिक्त था. कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दोनों नई नियुक्तियों की घोषणा करते हुए निवर्तमान अध्यक्ष राजेश ठाकुर के कार्यकाल की सराहना की.


नवमनोनीत झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश.

ज्ञात हो कि हाल ही में दिल्ली में विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर हुई बैठक में खरगे ने प्रदेश कांग्रेस के नेताओं से वन-टू-वन मुलाकात की थी. कांग्रेस नेताओं ने विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर को हटाने की मांग रखी थी.

# नक्सली गतिविधियों पर नियंत्रण ही लक्ष्य: डीजीपी

**रांची।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झारखंड पुलिस मुख्यालय में डीजीपी अनुराग गुप्ता ने झंडोत्तोलन किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि झारखंड पुलिस ने अपने कुशल नेतृत्व में नक्सलियों के खिलाफ अभियान चला कर उन्हें दुबकने पर मजबूर कर दिया. उग्रवादी गतिविधियों को नियंत्रित करना हमारा एक अहम लक्ष्य है. झारखंड पुलिस अपने पुष्ट सूचना तंत्र और कुशल निर्देशन से फुलप्रुफ योजना बनाकर अभियान चला रही है. इन अभियानों के कारण कई कुख्यात और दुर्दांत नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है. कई नक्सली मुठभेड़ में ढेर हुए हैं. पुलिस के बढ़ते दबाब के कई नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है.

# तिरंगा यात्रा के दौरान चाकूबाजी, एक गंभीर

**संवाददाता। रांची**


स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गुरुवार को मोरहाबादी मैदान में तिरंगा यात्रा के दौरान जमकर मारपीट और चाकूबाजी की घटना हुई. जानकारी के मुताबिक, रोनित नाम के युवक के नेतृत्व में निकाली गयी तिरंगा यात्रा के दौरान उसके पक्ष के कुछ युवकों की दूसरे पक्ष से कहासुनी हो गयी और मामला चाकूबाजी तक जा पहुंचा. इस घटना में प्रीतम सिंह चाकू लगने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गया. उसका सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है. चाकूबाजी का आरोप आर्यन मेहता पर लगा है. मामले में लालपुर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है. पुलिस आर्यन मेहता, सौरव वर्मा, आर्यन मेहता, मिकी, हर्ष बरनवाल, पवन समेत अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है.

# दो सितंबर को पेट्रोल पंप बंद रहेंगे

**संवाददाता। रांची**

- आज से काला बिल्ला लगा कर पंप कर्मी काम करेंगे
- 22 प्रतिशत वैट को घटा कर 17 प्रतिशत करने की मांग
- केंद्र सरकार को अपनी मांग भेजेंगे पेट्रोलियम डीलर

झारखंड पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन की शुक्रवार को बैठक हुई. इस दौरान दो सितंबर को राज्य के सभी पेट्रोल पंप को बंद रखने का निर्णय लिया गया. वहीं 17 अगस्त से पेट्रोल पंप कर्मी काला बिल्ला लगा कर काम करेंगे. झारखंड पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक सिंह ने बताया कि पेट्रोलियम डीलर्स की बैठक में सात सूत्री मांगों पर चर्चा हुई है. उन्होंने मांग की है कि 22 प्रतिशत वैट को घटाकर 17 प्रतिशत किया जाए. वहीं वैट रिटर्न से पेट्रोलियम डीलर्स ने मुक्ति मांगी है. बैठक में निर्णय लिया गया कि व्हाइट पेपर के माध्यम से जनता और जनप्रतिनिधियों तक अपनी बात रखेंगे. पेट्रोलियम डीलर्स राज्यपाल के माध्यम से केंद्र सरकार को अपनी मांग भेजेंगे. अध्यक्ष ने आगे बताया कि हर तीन साल में पेट्रोलियम डीलर्स को रिनुअल चार्ज देना होता है. वहीं पेट्रोल पंप मशीन के लिए हर साल 18 हजार रुपये खर्च करने पड़ते हैं. केंद्र और राज्य सरकार से पेट्रोलियम डीलर्स ने मार्जिन बढ़ाने की मांग भी रखी है.




## आक्रोश रिम्स के जूनियर डॉक्टरों का पेन डाउन आंदोलन जारी, आज भी करेंगे विरोध प्रदर्शन

# ओपीडी व वैकल्पिक ओटी अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**संवाददाता। रांची**

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के विरोध में जूनियर डॉक्टरों का देशव्यापी आंदोलन जारी है. रिम्स के जूनियर डॉक्टर्स भी हड़ताल पर हैं. जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन (जेडीए) के फैसले के बाद शुक्रवार को भी जूनियर डॉक्टरों का पेन डाउन आंदोलन जारी रहा. जेडीए ने बयान जारी कर कहा कि 14 अगस्त की रात आरजी कर मेडिकल कॉलेज और पश्चिम बंगाल के अन्य मेडिकल कॉलेजों के शांतिपूर्ण ढंग से विरोध कर रहे डॉक्टरों पर राजनीतिक रूप से प्रेरित भीड़ ने हमला किया.

जूनियर डॉक्टरों पर हुए हमलों के मद्देनजर रांची के रिम्स के रेजिडेंट डॉक्टर्स ने सर्वसम्मति से चल रहे पेन डाउन आंदोलन को जारी रखने का फैसला किया है. जेडीए ने सभी वैकल्पिक सेवाओं, ओपीडी और वैकल्पिक ओटी को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने का फैसला किया है. जेडीए, रिम्स, आईएमए, झासा, आरडीए सीआईपी और एएचपीआई (सभी निजी अस्पतालों) के द्वारा शनिवार को संयुक्त विरोध प्रदर्शन किया जाएगा.

### जेडीए की मुख्य मांगें

- आरजी कर मेडिकल कॉलेज, कोलकाता में डॉक्टरों पर हमले में शामिल सभी व्यक्तियों की तत्काल गिरफ्तारी हो.
- **सभी अस्पतालों को सुरक्षित क्षेत्र घोषित करने के साथ-साथ केंद्रीय सुरक्षा अधिनियम के कार्यान्वयन के लिए लिखित आश्वासन मिले.**
- झारखंड के सभी मेडिकल कॉलेजों में आपातकालीन ड्यूटी पर कार्यरत डॉक्टरों की सुरक्षा और स्वास्थ्य सुनिश्चित की जाए.


रिम्स परिसर में नुक्कड़ नाटक करते मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टर.

### ट्रॉमा सेंटर के बाहर मोमबत्ती जला कर श्रद्धांजलि अर्पित की

रिम्स की सांस्कृतिक और फिल्म सोसायटी ने शुक्रवार को पूरे अस्पताल में नुक्कड़ नाटक के मंचन अलावा कविताओं, कहानियों, पोस्टर और बैनरों के माध्यम से प्रदर्शन कर विरोध जताया. डॉक्टरों को हो रही समस्याओं को बताने की कोशिश की. नुक्कड़ नाटक के जरिए यह भी बताने की कोशिश की गयी कि कोलकाता में ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ किस तरह दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी गयी. इस दौरान रिम्स अस्पताल पहुंचे मरीज के परिजनों ने भी नुक्कड़ नाटक का समर्थन किया.

## ब्रीफ खबरें

### कोषांगकर्मियों से मिले मनरेगा आयुक्त भजंत्री

**रांची ।** मनरेगा आयुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने पदभार संभालने के बाद शुक्रवार को मनरेगा कोषांग में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मियों से औपचारिक मुलाकातकी. मुलाकात के दौरान भजंत्री ने कहा कि मनरेगा योजना को सशक्त रूप से लागू करने में आप सभी का योगदान रहा है. सभी कर्मी मन लगाकर काम करें. इस दौरान मनरेगा आयुक्त को कोषांग में कार्यरत कर्मियों की जिम्मेवारियों से भी उन्हें अवगत कराया गया.

### सीसीएल में जागरूकता अभियान की शुरुआत

**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड में शुक्रवार को सतर्कता जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई. तीन महीने का अभियान 15 नवंबर तक चलेगा. सीवीओ सीसीएल पंकज कुमार की अध्यक्षता में सतर्कता विभाग के अधिकारियों को जागरूक करने के लिए बैठक हुई. इसमें क्षमता निर्माण कार्यक्रम प्रणाली सुधार उपायों की पहचान और कार्यान्वयन, पत्रों/ दिशानिर्देशों/ मैनुअल का अद्यतनीकरण, 30 जून से पहले प्राप्त शिकायतों का निपटान एवं गतिशील डिजिटल उपस्थिति, इत्यादि विषयों पर चर्चा की गयी.

### एदार ए शरिया व सुन्नी बरेलवी की बैठक 1 को

**रांची।** एदार ए शरिया झारखंड एवं सुन्नी बरैलवी सेंट्रल कमेटी के तत्वावधान में ईद मिलादुन्नबी की सफलता पर 1 सितंबर को हिंदपीढ़ी स्थित इस्लामी मरकज में बैठक का आयोजन किया जाएगा. एदारा एवं कमेटी के पदधारी इसकी सफल तैयारी में लगे हुए हैं. सुन्नी बरैलवी सेंट्रल कमेटी के महासचिव अकिलुर्रहमान एवं प्रवक्ता मो इस्लाम ने बताया कि बैठक में अहले सुन्नत वल जमात के तमाम पंचायत, एदारा, तंजीम, मस्जिदों के इमाम, खानकाह के पदधारी, मदरसे के पदधारी समेत विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्ध लोग शरीक होंगे.

### पारिजात में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आज

**रांची।** कॉसमॉस यूथ क्लब चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में 18 अगस्त को प्रातः दस बजे लालपुर के सर्कुलर रोड के पारिजात धर्मशाला में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ इलाज करेंगे. क्लब की ओर से दी गयी जानकारी के अनुसार उक्त शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. आनंद रंजन, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुहागनी मुर्मू, फेफड़े/श्वसन रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुपा खलखो तथा जनरल फिजिशियन डॉ. आरके उपाध्याय द्वारा जांच की जाएगी.

### भाजपा ने विधानसभा चुनाव की तैयारी तेज की, युवा आक्रोश रैली 23 को

# इंडी अलायंस ने घुसपैठियों के हाथों सब कुछ सौंपा : हिमंता

- असम के सीएम ने कहा, हेमंत सरकार की नहीं बची क्रेडिबिलिटी
- अबुआ आवास, ग्रीन कार्ड योजना एक धोखा : बाबूलाल

**संवाददाता। रांची**



बैठक के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता.

असम के मुख्यमंत्री एवं विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा ने राज्य की हेमंत सरकार पर फिर से अपने अंदाज में हमला बोला. सरमा ने कहा कि ठगबंधन सरकार की अब कोई क्रेडिबिलिटी नहीं बची. भाजपा ने अलग झारखंड बनाया है, तो बचाने की भी जिम्मेवारी भी हमारी है. भाजपा झारखंड को लुटते, बर्बाद होते नहीं देख सकती. उन्होंने कहा कि झारखंड आज निर्णायक मोड़ पर है. बदलते डेमोग्राफी से आने वाले दिनों में राज्य तबाह हो जाएगा. सत्ता के लिए इंडी एलायंस ने घुसपैठियों के हाथों में सब कुछ सौंप दिया है. हेमंत सरकार पांच साल तक राज्य की जनता को धोखा देकर दिग्भ्रमित करती रही है. सरकार आनन फानन में योजनाओं की घोषणा कर रही है. वे शुक्रवार को प्रदेश भाजपा के सभी 515 मंडल अध्यक्षों की बैठक को संबोधित कर रहे थे. बैठक में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के आलावा प्रदेश पदाधिकारी,जिला अध्यक्ष,जिला प्रभारी सहित नवनियुक्त प्रमंडल प्रभारी और विधानसभा प्रभारी भी शामिल हुए. बैठक में आगामी सांगठनिक कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गयी

**मंईयां योजना धोखा योजना की सिरमौर है : बाबूलाल मरांडी :** बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार से आदिवासी, दलित,पिछड़े, किसान ,महिला,सभी अपने-अपने हक का हिसाब मांग रहे हैं. और हालत यह है कि उनका सामना करने से यह सरकार भाग रही है. हेमंत सरकार अपनी नाकामियों-विफलताओं से घिर चुकी है और जनता को जबाव दे पाने की स्थिति में नहीं है. उन्होंने कहा कि अबुआ आवास योजना, ग्रीन कार्ड योजना सब धोखा है. मंईयां योजना धोखा योजना की सिरमौर है.

**बालमुकुंद और गणेश मिश्र प्रभारी बनाये गये :** भाजपा ने संथालपरगना प्रमंडल का प्रभारी बालमुकुंद सहाय, कोयलांचल का प्रभारी प्रदीप वर्मा, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल का प्रभारी गणेश मिश्र व मनोज कुमार सिंह, कोल्हान प्रमंडल का प्रभारी आदित्य साहू और पलामू प्रमंडल का प्रभारी विकास प्रीतम को बनाया गया है.

### झारखंड मिटाओ मोर्चा बना झामुमो : शिवराज

केंद्रीय मंत्री एवम झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने वर्चुअली बैठक को संबोधित करते हुए कहा झामुमो अब झारखंड मिटाओ मोर्चा बन चुका है. इंडी एलायंस ने झारखंड की अस्मिता ही दांव पर लगा दी है. उन्होंने कहा कि स्थिति इतनी भयावह हो चुकी है कि अब भाजपा के लिए नहीं राज्य को बचाने के लिए हेमंत सरकार को हटाना जरूरी है. लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा 23 अगस्त की युवा आक्रोश रैली जन –जन का आक्रोश बने. हेमंत सरकार ने राज्य को चौतरफा लूटा और बर्बाद किया है.

### अटल जी झारखंड के दिलों में बसते हैं: मरांडी

**रांची ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार विधानसभा परिसर स्थित अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया. मौके पर श्री मरांडी ने कहा कि बहुमुखी प्रतिभा के धनी अटल जी का व्यक्तित्व और कृतित्व हिमालय की तरह विराट है. उनके चिंतन में हिंद महासागर की गहराई भी थी.दूर दृष्टा,कवि हृदय ,भारत रत्न श्रद्धेय अटल जी ने जीवन पर्यंत मां भारती की सेवा की. नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि अटल जी जैसा व्यक्तित्व सदियों में धरती पर जन्म लेता है. स्वर्णिम चतुर्भुज, प्रधानमंत्री सड़क योजना, सर्व शिक्षा अभियान, पोखरण परमाणु परीक्षण जैसे ऐतिहासिक कार्यों ने देश को गौरवान्वित किया.

### डॉक्टर की हत्या के विरोध में वाम दलों का प्रदर्शन



**रांची।** कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में एक महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म के बाद बर्बर तरीके से की गई हत्या के खिलाफ वाम दलों और महिला संगठनों एडवा व एपवा द्वारा अलबर्ट एक्का चौक पर संयुक्त रूप से विरोध- प्रदर्शन किया गया.

## न्यूज अपडेट

### प्रशिक्षकों ने हर घर योग पहुंचाने का लिया संकल्प


योग प्रशिक्षकों ने ऑक्सीजन पार्क में चलाया जागरूता अभियान.

**रांची।** हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (एचडब्ल्यूसी) में कार्यरत योग प्रशिक्षकों ने ऑक्सीजन पार्क में जागरूकता अभियान चलाया. इसके तहत प्रशिक्षकों ने लोगों को योग के प्रति जागरूक किया. प्रशिक्षकों ने इस दौरान हर घर तिरंगा अभियान की तर्ज पर हर घर योग पहुंचाने का भी संकल्प लिया. जागरूकता अभियान में मुख्य रूप से आनंद रंजन, शत्रुघ्न कुमार, विजय कुमार, संदीप ठाकुर, राहुल रंजन, नूपुर, चितरंजन, नूतन, दीप्ति, बंटी, गायत्री, कमलेश, कांति, रूपेश, चांदनी, संध्या आदि उपस्थित रहे.

### धर्म परिवर्तित लोगों का डीलिस्टिंग होना तय है : मंच


जनजाति सुरक्षा मंच के प्रांतीय कार्यालय का उद्घाटन किया गया.

**रांची।** आरोग्य भवन बरियातू रोड में जनजाति सुरक्षा मंच के प्रांतीय कार्यालय का उद्घाटन किया गया. इससे पहले तीन टोलो के पहानों ने डंडा कट्टी, भेलवा फरी का कार्यक्रम हुआ.इसके साथ ही परिसर में सखुवा और करम पौधा का वृक्षारोपण किया गया. प्रांतीय बैठक मे राष्ट्रीय संयोजक गणेश राम भगत, संदीप उरांव, मेघा उरांव, सोमा उरांव, विश्वकर्मा पाहन, जगन्नाथ भगत, रवि प्रकाश उरांव ,सुनील टोप्पो, प्रदीप टोप्पो,सह मीडिया प्रभारी राजू उरांव, विकाश उरांव, साजन मुंडा, भोले पाहन, गांधी भगत आदि उपस्थित रहे.

### हम दिल की धड़कनों को हिंदुस्तान कहते हैं : बृजेंद्र


काव्य गोष्ठी में कविता सुनाते कवि.

**रांची।** विद्यानगर, हरमू स्थित टाइनी टॉट्स इंग्लिश हाई स्कूल में काव्या की द्वितीय मासिक गोष्ठी वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. अशोक प्रियदर्शी की अध्यक्षता में संपन्न हुई. गोष्ठी में प्रसिद्ध गीतकार एवं कवि कुमार बृजेंद्र ने अपनी गजल पढ़ कर सबको मन मोह लिया-'हम दिल की धड़कनों को हिंदुस्तान कहते हैं.'सूरज श्रीवास्तव ने जहां अपनी ग़ज़ल 'दर्द के दरिया को कुछ आराम देना चाहता हूं' का पाठ किया, वहीं पंकज पुष्कर ने प्रेम के अनूठे रंग को कविता के माध्यम से पेश किया. कवयित्री जय माला ने देश की तरक्की में गृहिणियों की भूमिका को रेखांकित किया. पुष्पा सहाय 'गिन्नी', चारुमित्रा, सत्या शर्मा 'कीर्ति', प्रवीण परिमल, चंद्रिका ठाकुर 'देशदीप', सियाराम झा 'सरस' उज्ज्वल पांडेय ने काव्य पाठ किया.

### श्री जीण माता प्रचार समिति का सावन सिंधारा मना


सावन सिंधारा कार्यक्रम दौरान श्रद्धालु.

**रांची ।** श्री जीण माता प्रचार समिति, रांची की ओर से आदि शक्ति मां श्री जीण भवानी का सावन सिंधारा शुक्रवार को स्वर्णभूमि बैंक्वेट हॉल में धूमधाम से मनाया गया. माता रानी का भव्य दरबार सजाया गया, इसकी शुरुआत श्री जीण माता के महाभिषेक के साथ की गई. पुरुलिया की भजन गायिका शीतल कटारुका के भजनों का भक्तों ने खूब आनंद लिया. 'माता का सिंधारा झुला' जैसे भजनों से स्वर्णभूमि बैंक्वेट हॉल श्रद्धालुओं से दिनभर गुंजायमान रहा. श्री जीण माता प्रचार समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल ने समिति के सभी सदस्यों और श्रद्धालुओं के प्रति आभार जताया. आयोजन को सफल बनाने में समिति के विजय पालरिवाल, प्रदीप शर्मा, संदीप शर्मा, बिनोद कुमार, आनंद अग्रवाल, कविता सोमानी, सुनीता मित्तल, संगीता अग्रवाल, सुधा गोयनका आदि का योगदान रहा.

### कार्यस्थल पर औरतों की सुरक्षा जरूरी : यशस्विनी


यशस्विनी सहाय.

**रांची।** होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) रांची में प्रिवेंशन ऑफ सेक्सुअल ह्रासमेन्ट (पॉश) एक्ट 2013 के अंतर्गत "सभी के लिए सुरक्षित कार्यस्थल का निर्माण" विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया. इस प्रशिक्षण के मुख्य प्रवक्ता के रूप में यशस्विनी सहाय थी. कहा कि कार्यस्थल पर औरतों की सुरक्षा, महिलाओं की संख्या बढ़ाना, संरक्षण एवं संरक्षा, बिदिशा दिशानिर्देश, महिलाओं को मजबूत बनाना जरूरी है. क्या पॉश एक्ट पुरुषों पर भी लागू होता है, लड़कों के लिए भी क्या सुरक्षित है या क्या सुरक्षित नहीं है, महिला सेल की भूमिका क्या होनी चाहिए, यौन उत्पीड़न और यौन आरोपण के बीच क्या अंतर है तथा फर्जी हमले का क्या समाधान है जैसे विषयों पर अपने मंतव्यों को साझा किया. साथ हीं सभी को झालसा की 18003457019, बच्चे की 1098 तथा महिलाओं के लिए 181 हेल्पलाईन नंबर के बारे में भी बताया गया. संस्थान के प्राचार्य डॉ. भूपेश कुमार ने बताया कि हमलोग रील लाइफ को रियल लाइफ के उपयोग में ला रहे हैं.

# रांची विधानसभा क्षेत्र की हाउसिंग सोसाइटियों में चार नए पोलिंग बूथ

**संवाददाता। रांची**


सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ बैठक की.

विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड में द्वितीय विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने राजनीतिक दलों की बैठक बुलायी. उन्हें कार्यक्रम का ब्योरा देते हुए अपेक्षित सहयोग मांगा. बताया गया कि द्वितीय विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 63 रांची विधानसभा क्षेत्र के हाईराइज व हाउसिंग सोसाइटी में विस्तृत सर्वेक्षण करते हुए चार नये मतदान केंद्र बनाये गये हैं. ये नए मतदान केंद्र उन अपार्टमेंट में बनाए गए हैं, जहां सौ से अधिक फ्लैट हैं. विश्वनाथन अपार्टमेंट देवी मंडप रोड रांची, आस्था रेसीडेंसी ओटीसी ग्राउंड के पास, सहदेव टावर पीपी कंपाउंड रांची, आकांक्षा अपार्टमेंट चुनवा टोली खादगढ़ा में नए मतदान केंद्र बनाए गए हैं. नए बूथ बनाने का प्राथमिक उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मतदान केंद्र मतदाताओं के लिए आसानी से सुलभ हों. भीड़ व लंबे इंतजार के समय को कम किया जाए. नए मतदान केंद्र बनाने का मकसद मतदाताओं को जागरूक करते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाना है.

राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने द्वारा सुझाव दिया गया था कि लोगों को जागरूक करने के लिए वार्ड स्तर पर सभी मतदान केंद्र पर बैठक की जाए. उनके सुझावों पर लगातार बीएलओ सुपरवाइजर और बीएलओ के माध्यम से राजनीतिक दल के प्रतिनिधि, पूर्व वार्ड पार्षद, गणमान्य लोगों की उपस्थिति में बैठकें की जा रही हैं. इस बैठक का निरीक्षण निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी, अतिरिक्त सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी द्वारा किया जा रहा है. बैठक में लोगों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने और स्थानांतरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है. एसडीओ के निर्देश पर रांची विधानसभा क्षेत्र के सभी अपार्टमेंट में बीएलओ के माध्यम से अपराह्न 3 बजे से शाम 5 बजे तक कैंप लगा कर नए प्रपत्र 6, 7, 8 संग्रहित किये जा रहे हैं. अब तक 35 अपार्टमेंट में सफलतापूर्वक कैंप का आयोजन किया जा चुका है. कैंप के माध्यम से कुल 207 नए आवेदन मिले हैं.

# मनरेगा कर्मियों ने घेरा मंत्री अंसारी का जामताड़ा आवास

**संवाददाता। रांची**

झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ ने शुक्रवार को ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी के जामताड़ा स्थित आवास का घेराव किया. ज्ञात हो कि मनरेगा कर्मी 25 दिनों से हड़ताल पर डटे हुए हैं और कई वर्षों से स्थायीकरण व वेतनमान की मांग कर रहे हैं. देर शाम मनरेगाकर्मियों के साथ मंत्री डॉ इरफान ने बैठक कर समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया. प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र झा व जामताड़ा जिला अध्यक्ष नरेश सिन्हा ने कहा कि अब तक की सभी सरकारों ने मनरेगा कर्मियों को ठगने का काम किया है, पूरे राज्य के मनरेगा कर्मी आक्रोशित हैं, लेकिन मंत्री ने आश्वासन दिया है. आवास घेराव कार्यक्रम में विनोद विश्वकर्मा, जयदेव मुर्मू, बसंत टुडू, परिमल देव, सत्यम सिंह, अब्दुल जब्बार, खुर्शीद आलम, ईश्वर साव, गुलाम रब्बानी, मो अब्दुल्लाह, प्रदीप टोप्पो, मुकेश कुमार, दिलीप दास, बालेश्वर रविदास, महेंद्र कुमार व राम किशोर वर्मा सहित दर्जनों कर्मी शामिल थे.


मनरेगाकर्मियों संग मंत्री ने बैठक कर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया.




### श्रीराम मंदिर में विशेष शृंगार-पूजन 19 को

**रांची।** श्रावण पूर्णिमा के मौके पर श्रीराम मंदिर, सर्जना चौक में 19 अगस्त को विशेष शृंगार-पूजन और आरती की जाएगी. इसकी तैयारी जोर-शोर से की जा रही है. श्रद्धालु पूजा-अर्चना कर शाम सात बजे सामूहिक रूप से महादेव की महाआरती उतारेंगे. बड़ी संख्या में लोगों के बीच भोग का वितरण भी किया जाएगा.

### पूर्व मंत्री और विधायक सरयू राय ने मंईयां योजना की तारीफ की, कहा

# अब सरकार शुरू करे भईया योजना

**संवाददाता। रांची**

पूर्व मंत्री और विधायक सरयू राय ने हेमंत सोरेन सरकार की मुख्यमंत्री मंईयां योजना की तारीफ की. उन्होंने सरकार को सलाह देते हुए कहा कि जैसे बहनों-बेटियों के लिए सरकार मंईयां योजना लायी है, वैसे ही राज्य के बेरोजगारों के लिए भईया योजना भी लानी चाहिए. हेमंत ने वादा किया था कि वह बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देंगे. सरयू ने यह भी कहा कि उन्होंने अपनी तरफ से 20,000 फॉर्म छपवाए थे, जिनमें से 7000 स्वीकृत हो गये हैं. वह चाहेंगे कि इस योजना का लाभ अधिकाधिक बहनों-बेटियों को मिले.

**स्पेशल जेएनएससी फंड खर्च पर उठाए सवाल :** सरयू राय ने स्पेशल जेएनएसी फंड के खर्च पर सवाल उठाया है. कहा कि मैंने अपने प्रयास से 162 करोड़ रुपये का स्पेशल फंड जेएनएसी को दिलवाया. लेकिन काम मात्र 62 करोड़ का ही हुआ. भुईंयाडीह के लिट्टी चौक से एनएच 33 तक पुल बनने का कार्य शुरू होने वाला है. राय ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार, राज्य सरकार को केंद्र सरकार खनिज रॉयल्टी के रूप में 1.60 लाख करोड़ रुपये देने जा रही है. इतना सारा पैसा सरकार कैसे खर्च करेगी, कहां करेगी इसको लेकर सत्ता और विपक्ष को मिलकर नीति बनानी चाहिए.

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
दिपक टिम्बर

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मो. खालिद
समाजसेवी सह सप्लायर मांडर प्रखंड, मांडर

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मृत्युंजय महतो
समाजसेवी,सोनाहातू, रांची

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
प्रकाश महतो
समाजसेवी, सोनाहातु, रांची

पूरे प्रखंड परिवार की ओर से समस्त झारखण्ड वासियों को 78वां स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विजय कुमार
प्रखंड विकास पदाधिकारी, कांके

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
शंकर आचार्या
समाज सेवी

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
जयराम अहीर
प्रिंसिपल, जे.एम. पब्लिक स्कूल बारेंदा चौक, सोनाहातु, रांची

संत अन्ना इंटर कॉलेज +2
मांडर मिशन के पूरे परिवार के तरफ से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं
आइए बेड़ो को आदर्श प्रखंड बनाने का संकल्प लें
राहुल उरांव
प्रखंड विकास पदाधिकारी
बेड़ो, रांची

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सुषेन लोहरा
समाजसेवी सोनाहातु, रांची

सभी छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कैलाश कुमार
निदेशक, डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, बेड़ो

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आइए नरकोपी को अपराध-उग्रवाद मुक्त बनाएं
देव प्रताप प्रधान
थाना प्रभारी
नरकोपी, बेड़ो

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
RTC PUBLIC SCHOOL
SINGPUR MURI

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आइए बेड़ो को अपराध व उग्रवाद मुक्त बनाएं
नकुल शाह
थाना प्रभारी
बेड़ो, रांची

स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं
आइए लापुंग को अपराधमुक्त बनाने का संकल्प लें
संतोष कु. यादव
थाना प्रभारी
लापुंग, रांची

## सेंट माइकल्स स्कूल में स्वाधीनता दिवस समारोह



**रांची।** अरगोड़ा-कटहल मोड़ रोड स्थित संत माइकल्स पब्लिक स्कूल न्यू अशोक नगर में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विद्यालय की निदेशिका सुषमा सिन्हा ने ध्वजारोहण किया. विद्यालय के निदेशक रमाकांत प्रसाद, डॉ. दीपक कुमार, प्राचार्या श्रावणी पांडे ने वीर सपूतों के बलिदानों को हमेंशा याद रखने की बात कही.

## 'जीवन आश्रय' ने किया पाठशाला का आयोजन



**रांची।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर समर्पण जीवन आश्रय संस्था के और से झंडातोलन का आयोजन किया गया. संस्था के अध्यक्ष सुदीप सिंह (समर) के नेतृत्व में संस्था के कार्यालय परिसर में झंडा फहरा कर सेवा सप्ताह की शुरुआत की गयी. झंडातोलन के बाद झरिया बाजार में संस्था के कार्यकर्ता आर्यन सैनी द्वारा गौ माता और सड़क के बेसहारे को भोजन करवाया गया.

## अल हेरा पब्लिक स्कूल में फहराया गया राष्ट्रीय ध्वज



**रांची।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अल हेरा पब्लिक स्कूल में स्कूल के निदेशक अकीलुर्रहमान ने आजादी के 78वां वर्ष गांठ पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया और झंडे को सलामी दी. मौके पर स्कूल के छात्र ,छात्राओं ने देश भक्ति से ओतप्रोत कई कार्यक्रम पेश किये.

## चिल्ड्रन स्कूल ने धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

**रांची।** रूट राइडर चिल्ड्रन स्कूल में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया. चटकपुर पंचायत के मुखिया विक्की लोहरा मुख्य अतिथि के रूप में झंडातोलन कर झंडे को सलामी दी. स्कूली बच्चों ने प्रभात भेरी निकाली समेत कई देश भक्ति कार्यक्रम पेयश किये.

## सीपीआई कार्यालय में प्रदेश सचिव ने किया झंडोत्तोलन

**रांची।** भाकपा राज्य कार्यालय में देश के 78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने झंडोत्तोलन किया और सलामी दी. उपस्थित कार्यकताओं ने सविधान और स्वतंत्रता दिवस को और मजबूत करने का संकल्प लिया.

## सरला बिरला विवि व स्कूल में मना स्वतंत्रता दिवस



**रांची** । सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में 78वां स्वतंत्रता दिवस बड़े गर्व और उत्साह के साथ मनाया गया. कार्यक्रम का प्रारंभ डॉ. प्रदीप वर्मा, राज्यसभा सांसद भाजपा, झारखंड के जेनरल सेक्रेटरी, परमजीत कौर, प्राचार्या, सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची, प्रो. (डॉ.) गोपाल पाठक, डायरेक्टर जेनरल, सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची, प्रो. (डॉ.) वीके सिंह, रजिस्ट्रार, सरला बिरला विश्वविद्यालय और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामय उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुआ. एनसीसी के नेतृत्व में चारों सदनों के छात्रों ने स्कूल बैंड पर लयबद्ध मार्च किया. विशेष अतिथि, डॉ. वर्मा को इस अवसर पर प्रतीक के साथ सम्मानित किया गया.

**सरला बिरला विश्वविद्यालय में हुआ झंडोत्तोलन :** रांची । सरला बिरला विश्वविद्यालय परिसर में विश्वविद्यालय के डायरेक्टर जनरल प्रो. गोपाल पाठक, प्रभारी कुलपति एसबी डाडीन और राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप वर्मा विशेष तौर पर उपस्थित थे. इस मौक़े पर वक्ताओं ने स्वतंत्रता दिवस के महत्त्व पर प्रकाश डाला. झंडोत्तोलन के बाद डॉ. प्रदीप वर्मा ने स्वतंत्रता दिवस के एक सप्ताह पूर्व ही इससे संबंधित कार्यक्रमों का शुभारंभ करने की सलाह दी.

### विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने तिरंगा फहराया, दिया संदेश

# तिरंगे को नमन के साथ करें आजादी का मनन



विस परिसर में राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देते अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो.



सीसीएल के ध्वजारोहण समारोह में सीएमडी नीलेन्दु कुमार सिंह.

**संवाददाता। रांची**

78वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर विधानसभा परिसर में अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने तिरंगा फहराया. मौके पर विधायक, सभा सचिवालय के प्रभारी सचिव, सचिवालय के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे. मौके पर अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने कहा कि तिरंगे को नमन के साथ ही आजादी का मनन भी करें. तभी सच्ची देशभक्ति होगी.

उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि देश में हर जगह बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी उत्साह के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाते हैं. उन्होंने अपने बचपन को याद करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस की खुशी मेरे बचपन के दिनों को याद दिलाता है. कहा कि अपने गांव के स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के दो-तीन दिनों के कार्यक्रम में भाग लेने में असीम खुशी मिलती थी. जब तिरंगा फहराया जाता था, तब हमे लगता था जैसे हमारे शरीर में बिजली दौड़ गई हो. देश के लगभग 144 करोड़ लोग आज तिरंगे को नमन कर रहे हैं. हमें मनन करना चाहिए कि इसे प्राप्त करने में दिल में संचित देश-प्रेम की भावना, त्याग और बलिदान से ओत-प्रोत होकर इन वीरों ने आजादी की लड़ाई में हंसते-हंसते अपने प्राण न्योछावर कर दिये.

## सीसीएल के सीएमडी नीलेन्दु सिंह ने किया ध्वजारोहण

**रांची।** सीसीएल मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में 78 वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मना. सीसीएल सीएमडी नीलेन्दु कुमार सिंह महात्मा गांधी खेल मैदान में ध्वजारोहण किया व सलामी दी. इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तक./संचा) हरीश दुहान, सीवीओ पंकज कुमार सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, श्रमिकसंघों के प्रतिनिधिगण व बड़ी संख्या में कर्मी उपस्थित थे. सीएमडी ने इस अवसर पर सुरक्षा बलों और विद्यार्थियों के परेड की सलामी ली. इस अवसर पर मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में 100 लाभुकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया. सीएमडी ने मौजूद लोगों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी और वीर शहीदों के अतुल्य पराक्रम को नमन किया.

## सीसीएल निदेशक ने फहराया तिरंगा

रांची। सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक कार्मिक हर्ष नाथ मिश्रा ने 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएसपीएस) कैडेट्स के प्रयासों की सराहना की. साथ ही उन्हें सलाह दी कि वे खुद के लिए एक मानक स्थापित करें.

## मेकॉन मुख्यालय में निदेशक ने किया झंडोत्तोलन



**रांची।** मेकॉन मुख्यालय और सीएसआर पवेलियन में 78वां स्वतंत्रता दिवस पूरे जोश और देशभक्ति के साथ मनाया गया. इस अवसर पर निदेशक (वित्त) मुकेश कुमार ने मेकॉन मुख्यालय में तिरंगा फहराया. वहीं मेकॉन के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक संजय कुमार वर्मा ने सीएसआर पवेलियन में झंडोत्तोलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की. इसके बाद जवाहर विद्या मंदिर (जेवीएम) स्कूल के विद्यार्थियों और मेकॉन के कर्मचारियों ने राष्ट्रगान गाया. साथ ही जेवीएम श्यामली के विद्यार्थियों ने देशभक्ति से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये. इनमें सांस्कृतिक नृत्य और ड्रिल शामिल हैं.

## सेल में कार्यपालक निदेशक वेद प्रकाश ने फहराया तिरंगा



**रांची।** सेल की रांची इकाई में 78वां स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय भावना और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया. कार्यपालक निदेशक (एसडीटीडी) वेद प्रकाश ने कार्यपालक निदेशक (आरडीसीआईएस) संदीप कुमार की उपस्थिति में तिरंगा फहराया. मौके पर सेल रांची इकाई के मुख्य महाप्रबंधक, अधिकारी, कर्मचारी सहित अन्य उपस्थित रहे. वेद प्रकाश ने अपने संबोधन में राष्ट्र निर्माण के लिए सेल में डिजिटल परिवर्तन की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बताया.

## अब्दुल हमीद चौक पर समिति की ओर से ध्वजारोहण



**रांची।** परमवीर अब्दुल हमीद स्मारक समिति रांची की ओर से कांटा टोली परमवीर अब्दुल हमीद चौक पर 78वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. मुख्य अतिथि के रूप में अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान ने झंडोत्तोलन किया. राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी ने भी स्वतंत्रता दिवस पर अपना संदेश दिया. कार्यक्रम की अध्यक्षता मो इम्तियाज ने की. मौके पर जमीअतुल कुरैश के प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी, समिति के प्रधान महासचिव अधिवक्ता अख्तर हुसैन, उपाध्यक्ष इरफान इकबाल, सचिव मो शहाबुद्दीन, मो आलम, महताब आलम आदि शामिल थे.

## रांची पुलिस लाइन में एसएसपी ने फहराया तिरंगा



**रांची।** स्वतंत्रता दिवस पर रांची पुलिस लाइन में एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने तिरंगा फहराया. मौके पर एसएसपी ने परेड की सलामी ली और जीप पर सवार होकर परेड का निरीक्षण भी किया. इस दौरान सभी पुलिसकर्मियों ने स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों को श्रद्धांजलि दी. जिला में बेहतर अनुसंधानकों, गंभीर कांडों का उद्भेदन करने वालों और विधि व्यवस्था संधारण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 40 से अधिक पुलिस पदाधिकारी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया.

## न्यूज अपडेट

## गिरजाघरों में मनाया गया 78वां स्वतंत्रता दिवस



**रांची।** संत मरिया महागिरजाघर चर्च, सीएनआई चर्च औऱ जीईएल चर्च में आजादी के 78 वे स्वतंत्रता दिवस हर्षोउल्लास से मनाया गया. इन चर्चो मे अलग अलग समय पर मिस्सा का आयोजन हुआ. रेव्ह जस्टिन भुईया ने सुबह छह बजे सीएनआई चर्च में मिस्सा करवाया.चर्च मे विनती आराधना के बाद सुबह सात बजे पुरोहित डेविड ने सीएनआई चर्च में झंडोत्तलन किया.

## आचार्यकुलम विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया



**रांची।** आचार्यकुलम विद्यालय रांची में स्वतंत्रता दिवस का भव्य समारोह धूमधाम से मनाया गया. विद्यालय की प्राचार्या सुजाता कौरा ने ध्वजारोहण के किया. राष्ट्रीय गीत के बाद छात्रों ने भक्ति गीत की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं जिसमें नृत्य, गीत, नाटक और शास्त्र तथा गीता पाठ शामिल थे.

## इनर व्हील क्लब ने स्वतंत्रता दिवस पर झंडा फहराया



**रांची।** इनरव्हील क्लब ऑफ रांची साउथ ने हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया. इस दौरान कडरू स्थित निगम पार्क में 60 स्कूली बच्चों के साथ झंडा फहराया गया. इस अवसर पर 50 जरूरतमंद बच्चों को नोटबुक, पेंसिल समेत अन्य सामग्री बांटे गए. वहीं रांची क्लब में रोटरी क्लब ऑफ रांची साउथ के साथ संयुक्त रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया.

## मोमिन पंचायत ने हर्षोल्लास के साथ मनाया राष्ट्रीय पर्व

**रांची** । अल अनसार मोमिन पंचायत हिंदपीढ़ी में 78वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. झामुमो के रांची जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम ने झंडोतोलन किया. साथ ही उन्होंने संस्था को सहयोग करने वाले 70 सरपरस्तों को सम्मानित किया. मौके पर पंचायत के अध्यक्ष मो परवेज अंसारी, जावेद अख्तर, मो महफूज, मो रिजवान, मो मुजम्मिल आदि शामिल थे.

## स्वाधीनता दिवस पर हेसल में निकली प्रभातफेरी

**रांची।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सैनिक संस्था युवा कमांड झारखंड प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार पुटू के नेतृत्व में प्रभातफेरी निकाली गयी. इसके बाद देवी मंडप रोड हेसल में सुनील कुमार साहू ने ध्वजारोहण किया. उसके बाद अपना सुपर मार्ट में ध्वजारोहण राष्ट्रीय सैनिक संस्था युवा कमांड झारखंड प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार पुटू ने किया.

## सीडीएस चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

**रांची।** चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया सीडीएस रांची (छोटानागपुर डायसिसन एजुकेशनल सोसाइटी) के तत्वावधान में रांची के अंतर्गत आने वाले सभी शिक्षण संस्थानों ने 78 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह साथ मनाया.

## रांची विवि में कुलपति ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

**रांची।** रांची यूनिवर्सिटी के वीसी अजीत कुमार ने स्वतंत्रता दिवस के 78वें वर्षगांठ पर विश्वविद्यालय के यूजीसी छात्रावास संख्या 3 में झंडोत्तोलन किया. मौके पर छात्रावास अधीक्षक डॉ. अशोक कुमार सिंह, उपेंद्र शंखवार, विशाल कुमार शर्मा, नवल किशोर साहू, मनीष कुमार महतो, पंकज कुमार साहू, सहित काफी संख्या में छात्र उपस्थित रहे.

## चैंबर भवन परिसर में अध्यक्ष ने किया झंडोत्तोलन

रांची। स्वतंत्रता दिवस पर चैंबर भवन परिसर में फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने झंडोत्तोलन किया. मौके पर चैंबर महासचिव परेश गट्टानी, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, राहुल साबू, सह सचिव शैलेश अग्रवाल आदि मौजूद थे.





















































### ब्रीफ खबरें

## बुंडू में करंट लगने से दो बैलों की मौत

**बुंडू।** बिजली खंभा से सटने से दो बैलों की मौत हो गयी. घटना शुक्रवार सुबह की है. प्राप्त जानकारी के अनुसार बिजली पोल में करंट पास हो रहा था . बुंडू थाना क्षेत्र के चिठोडीह निवासी किसान रामेश्वर महतो बैलों को लेकर अपने खेत जा रहे थे . पता नहीं था कि पोल में करंट आ गया है . रामेश्वर महतो के दोनों बैल उसी पोल की चपेट में आ गए .

## सुदेश महतो ने मुरी टुंगरी में फहराया शान से तिरंगा

**सिल्ली/मुरी।** मुरी टुंगरी पार्क में गुरुवार को स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया . समारोह के मुख्य अतिथि सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने आजादी की 78 वीं वर्षगांठ पर टुंगरी पार्क की पहाड़ी में 75 फीट ऊंची पोल पर 21 फिट लंबा एवं 14 फीट चौड़ा तिरंगे का ध्वजारोहण किया.

## खलारी कोयलांचल में शान से लहराया तिरंगा

**.खलारी।** खलारी कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में 78वां स्वतंत्रता दिवस के मौके पर शान से लहराया तिरंगा. खलारी प्रखण्ड कार्यालय में प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा, डीएसपी कार्यालय में डीएसपी रामनारायण चौधरी, खलारी थाना में थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह, मैक्लुस्कीगंज थाना में थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने झंडोत्तोलन किया .

## बरटोला ने खिताब अपने नाम किया

**खलारी।** रैंबो क्लब केडीएच द्वारा आयोजित 40 वां चालेंजर फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल फन क्लब बरटोला ने एसएसपी बेंती क्लब को हराकर अपने नाम कर लिया. फाइनल मैच में दोनों टीमो के खिलाडियों ने रोमांचक खेल का प्रदर्शन किया. जिसमे बरटोला की टीम ने बेंती टीम को पेनाल्टी शूटआउटएक में 5 - 4 गोल से हराया.

### विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों में बच्चों के बीच बैग का वितरण

# जन्मदिन पर मेरा एक ही संकल्प मांडर मेरा परिवार : शिल्पी नेहा

**संवाददाता। मांडर**



मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि अपने जन्म दिन पर उनका बस एक ही संकल्प है और वह यही कि मांडर उनका परिवार है . अपने विधानसभा क्षेत्र के एक-एक व्यक्ति के हित में वह हर तरीके से अनुकूल निर्णय लेते हुए निरंतर उसी प्रकार से आगे बढ़ती रहेंगी. जिस तरीके से अपने ही परिवार के हर एक सदस्य के हित में निर्णय लिया जाता है. आज मांडर विधानसभा क्षेत्र में अपने जन्म दिन पर आयोजित विविध कार्यक्रमों में अपने संबोधन में श्रीमती तिर्की ने कहा कि उनका मूल विचार मांडर विधानसभा क्षेत्र को उस रूप में ढ़ालना है . जब वह पूरे झारखण्ड के लिये आदर्श विधानसभा क्षेत्र के रूप में पहचाना जाये. इस अवसर पर श्रीमती तिर्की ने विशेष रूप से लापुंग एवं चान्हो प्रखंड के विविध विद्यालयों में बच्चों के बीच बैग का वितरण किया.

इस अवसर पर आयोजित अनेक कार्यक्रमों में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि उन्हें इस बात की खुशी है कि उन्हीं के विचारों पर निरंतर आगे बढ़ते हुए शिल्पी नेहा तिर्की भी मांडर के लोगों के दुःख-दर्द को कम करने और उनकी खुशियों को बढ़ाने के प्रति पूरी तरह समर्पित है. आज श्री तिर्की ने विशेष रूप से मांडर, ईटकी एवं बेड़ो के विविध विद्यालयों में बच्चों के बीच बैग का वितरण किया.

आज के विविध कार्यक्रमों में मांडर विधानसभा क्षेत्र के सभी पाँच प्रखण्डों के कांग्रेस अध्यक्ष, कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के अतिरिक्त आम ग्रामीणों की भी बड़ी संख्या में भागीदारी रही. विविध विद्यालयों में इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया और श्रीमती तिर्की को उनके जन्म दिवस पर बधाई दी.

## सद्भावना क्रिकेट कप: पत्रकार एकादश की टीम विजेता बनी

**सोनाहातू।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सोनाहातू थाना के सौजन्य से एक दिवसीय सद्भावना कैनवस बॉल क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया. पत्रकार एकादश, प्रखंड एकादश, शिक्षक एकादश और थाना एकादश की टीम मैच खेली. पहला मैच पत्रकार एकादश और प्रखंड एकादश के बीच हुआ. जिसमें पत्रकार एकादश ने प्रखंड एकादश की टीम को कड़ा संघर्ष में 18 रन से पराजित किया. दूसरे मैच में शिक्षक एकादश और थाना एकादश के बीच हुआ. फाइनल मुकाबला पत्रकार एकादश और शिक्षक एकादश के बीच हुआ. पहले बल्लेबाजी करते हुए पत्रकार एकादश की टीम ने 58 रन बनायी. कड़ा मुकाबला में अंतिम गेंद पर पत्रकार एकादश की टीम ने एक रन से मैच जीत कर खिताब पर कब्जा किया. मैच में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार पत्रकार एकादशी के भुवनेश्वर महतो और शिक्षक एकादश के इंद्रजीत बैठा को दिया गया. मुख्य अतिथि सोनाहातू बीडीओ खगेश कुमार, थाना प्रभारी चंदन कुमार आदि शामिल थे.

### न्यूज अपडेट

## न्यू कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में मना स्वतंत्रता दिवस



**रातू।** न्यू कैंब्रियन पब्लिक स्कूल काठीटांड़ रातू में गुरुवार को 78 वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया. विद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र कुमार ने ध्वजारोहण किया. सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य ,भाषण, प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया.

## चान्हो व मांडर स्वतंत्रता दिवस धूमधाम मना

**चान्हो/मांडर।** क्षेत्र में 78 वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. शिक्षण संस्थानों, सरकारी, गैर सरकारी कार्यालयों, मादरशो सहित लगभग सभी प्रमुख चौक चौराहों में शान से तिरंगे को सलामी दी गई. मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने मांडर के संत अन्ना स्कूल में झंडा फहराया. मांडर थाना परिसर में थानेदार राहुल, प्रखंड मुख्यालय में प्रमुख फिलिप सहाय एक्का, आई एच एम परिसर में डॉ भूपेश कुमार, भारथी कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में सचिव नितिन पराशर ने झंडोत्तोलन किया.

## प्रखंड क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ हुआ झंडोत्तोलन

**सोनाहातू/राहे।** स्वतंत्रता दिवस पर पूरे क्षेत्र में पूरे हर्षोल्लास के साथ झंडोत्तोलन किया गया. सोनाहातू में प्रमुख विक्टोरिया देवी, थाना में प्रभारी चंदन कुमार, अस्पताल में डॉ जयराम शर्मा, कस्तूरबा स्कूल में वार्डन शशि बाड़ा, सोनाहातू पंचायत में मुखिया विकास सिंह मुंडा, तेतला पंचायत में मुखिया दीनबन्धु सिंह मुंडा, गलऊ पंचायत में मुखिया सावना महली, बारेंदा पंचायत में मुखिया सुभद्रा देवी,बारेंदा चौक के जे एस पब्लिक स्कूल में प्रिंसिपल जयराम अहीर एवं बारेंदा चौक में निमाई चन्द्र राय ने झंडा फहराये.

## डकरा में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस समारोह

**डकरा।** डकरा क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया. एनके महाप्रबंधक कार्यालय में महाप्रबंधक सुजीत कुमार, सीआईएसएफ यूनिट में कमांडेंट संदीप कुमार,मोनेट कोल वाशरी में जीएम देवेंद्र सिंह, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर एलके राणा व वीर कुंवर सिंह चौक में एरिया के जीएम सहित सभी परियोजना कार्यालय में परियोजना पदाधिकारी, सभी यूनियन कार्यालय में यूनियन के अध्यक्ष, सभी विद्यालयों में प्राचार्य, राजनीतिक दल के कार्यालय में दल के अध्यक्ष ने तिरंगा फहराया.

## बिरसा चिल्ड्रेन के छात्र-छात्राओं ने रैली निकाली

**बुंडू।** देश आजादी का 78 वां जश्न मना रहा है. इस अवसर पर बिरसा चिल्ड्रेन एकेडमी विद्यालय के छात्र छात्राओं ने 100 मीटर के तिरंगा झंडा के साथ बुंडू में रैली निकाली.इधर धुर्वा मोड़ बिरसा मूर्तिस्थल पर विधायक विकास मुंडा, अनुमंडल कार्यालय में एसडीओ मोहनलाल मरांडी, डीएसपी कार्यालय में डीएसपी रतिभान सिंह, बुंडू ब्लॉक सह अंचल कार्यालय में प्रमुख फेकला गोंझू, साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल में प्राचार्य सुभाष पाटनी, बिरसा चिल्ड्रेन एकेडमी विद्यालय में निदेशक भुवनेश्वर प्रमाणिक, थाना परिसर में पंकज भूषण ने झंडोत्तोलन किया.

# लापुंग के ग्रामीण क्षेत्रों में शान से लहराया तिरंगा

**संवाददाता। लापुंग**

78 वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लापुंग प्रखंड के विभिन्न संस्थाओं सहित लापुंग प्रखंड के मुख्य स्टेडियम में शान से लहराया तिरंगा. लापुंग प्रखंड मुख्यालय में झंडोतोलन शांतिपूर्वक संपन्न हुई. प्रखंड सह अंचल कार्यालय में प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव, लापुंग के स्टेडियम में प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज लापुंग थाना में थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी डॉक्टर नमिता लकड़ा, राजकीय मध्य विद्यालय लापुंग में प्रधानाध्यापक शिव प्रसाद महतो, प्रखंड संसाधन केंद्र में लीलावती तिर्की, राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय प्रधानाध्यापक अमरेंद्र कुमार राय, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरसा में प्रभारी प्रधानाध्यापक बहादुर उरांव, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लतरातु में प्रभारी प्रधानाध्यापक ऋषि तेज कुमार केरकेट्टा, राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया में प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रकाश उरांव, राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय ककरिया में स्वर्णलता कुजूर, कस्तूरबा गांधी विद्यालय में वार्डन प्रतिभा गुड़िया, इंटर कालेज लापुंग में मुख्य सलाहकार डॉ बिरसो कुमारी उरांव की उपस्थिति में प्राचार्य ने ध्वजारोहण किया. वहीं सापूकेरा पंचायत सचिवालय में मुखिया सविता उरांव, लतरातु पंचायत सचिवालय में मुखिया अलका तिर्की, दोलैचा पंचायत ने मुखिया मालती रानी केरकेट्टा, देवगांव पंचायत सचिवालय में मुखिया दुर्गा उरांव ने झंडोतोलन किया.

## बेड़ो में स्वतंत्रता दिवस पर किया गया ध्वजारोहण

**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में 78 वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों समेत प्रखंड के सभी स्कुलों में राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देते हुए ध्वजारोहण किया गया. जहां प्रखंड सह अंचल कार्यालय में प्रमुख, तहसील कचहरी में अंचलाधिकारी प्रताप मिंज पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय व थाना परिसर में थाना प्रभारी नकुल साह पंचायत सचिवालय में मुखिया सुशांति भगत, एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय में हेंरिता मिंज प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय में करम सिंह महतो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डा सुमित्रा कुमारी, राजकीय मध्य विद्यालय बेड़ो बालक में प्रधानाध्यापक दीपक चौधरी व राजकीय कन्या मध्य विद्यालय में रेखा रानी विद्यासागर स्कूल में ललन कुमार सिंह,विद्या मंदिर में सचिव वाणी कुमार राय समेत प्रखंड के कई शिक्षण संस्थानों में ध्वजारोहण किया गया.

# भगवा सेना ने मोटरसाइकिल रैली निकालकर विरोध जताया



**संवाददाता। बुंडू**

बांग्लादेश के हिन्दूओं पर लगातार हो रहे अत्याचार के विरोध में बुंडू के भगवा सेना के कार्यकर्ताओं ने बुंडू में विशाल मोटरसाइकिल रैली निकाली और कहा हिंदुओं पर हो रहा अत्याचार नहीं सहेंगे. ऐसे में भगवा सेना भारत सरकार से मांग की है कि सेना बंगलादेश में स्ट्राइक करे या बंग्लादेश में राशन और बिजली की सप्लाई तत्काल बंदकर उसे अवकात बताये. आज के रैली का नेतृत्व प्रदीप कुमार महतो उर्फ रौशन महतो, राम महतो, राजकिशोर कुशवाहा इत्यादि कर रहे थे.

सभी छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुखनाथ कुम्हार
प्रभारी प्रधानाध्यापक
राजकीय मध्य विद्यालय, जरिया, बेड़ो

सभी छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ललन कु. सिंह
निदेशक
विद्यासागर पब्लिक स्कूल, बेड़ो, मूरतो

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
प्रताप मिंज
अंचलाधिकारी, बेड़ो, रांची

स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर बुढ़मू प्रखंड व रांची जिला सहित समस्त झारखंड वासियो को हार्दिक शुभकामनाएं
निवेदक
मनोज कुमार साहु
भाजपा नेता सह सांसद प्रतिनिधि रांची

कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शिल्पी नेहा तिर्की
विधायक
मांडर विधानसभा क्षेत्र

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
राखी भगत
पंचायत समिति सदस्य
बेड़ो पंचायत, बेड़ो, रांची

देवगांव पंचायत सहित समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं
दशरथ तिर्की
समाजसेवी, देवगांव पंचायत, लापुंग
पूनम टोप्पो
पंचायत समिति सदस्य, देवगांव, पंचायत, लापुंग

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
राकेश कुमार
निदेशक, संत माइकल स्कूल मुरी

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
रामनारायण भगत
युवा भाजपा नेता
मांडर विधानसभा क्षेत्र, जरिया, बेड़ो

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मुकेश कु. राय
प्रखंड प्रभारी
भारत स्वाभिमान सह संस्कार प्रमुख, एकल विद्यालय, बेड़ो संच

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
ऊषा मिंज
प्रखंड विकास पदा. लापुंग, रांची
मो इम्तियाज खलील
बीपीओ मनरेगा लापुंग, रांची

बलिराम मुंडा
ग्राम लबगा दशम फॉल एवं पूर्व विधायक प्रत्याशी तमाड़ विधानसभा क्षेत्र की ओर से झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की ढ़ेर सारी हार्दिक शुभकामनाएं

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
रमेश प्र. गुप्ता
समाजसेवी सह संच अध्यक्ष
एकल विद्यालय परिवार, बेड़ो संच

सभी शिव सैनिकों सहित झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं
दीपक सिंह
राज्य प्रमुख
झारखंड राज्य शिवसेना

Mob. 9934583649, 9308681349 जिन्दगी के साथ भी। जिन्दगी के बाद भी ॥
LIC
SHYAM PD. MAHTO
MDRT, CENTURION, CM CLUB Member & Chief Life Insurance Advisor
MDRT
Ranchi Branch - 02, Agency Code : 01949-560
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

लापुंग सहित समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं
सन्नी टोप्पो
समाजसेवी सह युवा भाजपा नेता, मांडर विस क्षेत्र

छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं
डॉ प्रदीप अधिकारी
प्राचार्य
करमचंद भगत कॉलेज, बेड़ो, रांची

लापुंग अंचल कार्यालय की ओर से सभी ग्रामीणों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं
पंकज कुमार
अंचलाधिकारी
लापुंग अंचल, लापुंग रांची

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
विष्णु चरण महतो
मातृछाया नर्सिंग होम
सिंगपुर, मुरी

# लालकिले से मिले संदेश के मायने

देश की आजादी के 77 वर्ष पूरे होने के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लगातार 11वीं बार लाल किले की प्राचीर से भाषण करते प्रधानमंत्री का बड़ा दावा देश की आजादी के 77 वर्ष पूरे होने के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लगातार 11वीं बार लाल किले की प्राचीर से भाषण करते हुए विकास सम्बन्धी अनेक बातों का स्पर्श किया. किसानों की खुशहाली से लेकर महिलाओं की सुरक्षा और भारत को विकसित बनाने से लेकर पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश में होने वाले घटनाक्रमों पर उन्होंने विचार रखे. वर्तमान दौर को 'भारत का स्वर्णिम कालखंड' बतलाते हुए मोदी ने कहा कि 'इस मौके को हाथ से जाने नहीं देना है.' 2047 तक भारत के विकसित राष्ट्र बन जाने का फिर से भरोसा जताते हुए उन्होंने कहा कि जब 40 करोड़ लोगों ने देश को आजाद करा दिया तो 140 करोड़ लोग बहुत कुछ कर सकते हैं. ऐसी अनेक अच्छी-अच्छी बातें उन्होंने अपने रिकॉर्ड-तोड़ 98 मिनट के उद्बोधन में की. बहुत से विषय वे ही थे जो वे टुकड़ों में अलग-अलग मंचों से कहते आये हैं. पीएम ने भारत की अपार क्षमता, विकास, नये संकल्प, सरकार की प्रतिबद्धता तथा रिफॉर्म-परफॉर्म-ट्रांसफॉर्म का फार्मूला किंचित अलग शब्दों में प्रस्तुतीकरण किया. लोकसभा-2024 के चुनाव में पूरा बहुमत न पाने के कारण दो दलों के समर्थन पर चल रही सरकार के मुखिया होने के नाते उन्हें जिस कमजोरी का एहसास है, उसका प्रतिबिम्ब उनके भाषण में साफ झलक रहा था. 2014 से लेकर 2023 तक के दो कालावधियों में इसी मंच का उपयोग वे जिस कड़ी शब्दावली का इस्तेमाल करते हुए विपक्ष तथा सरकार के विचारों से इत्तेफ़ाक न रखने वालों के लिये करते रहे हैं, वह तेवर भी ज्यादा नज़र नहीं आया. हालांकि बहुत सख्त लहज़ा न अपनाते हुए भी उन्होंने विपक्ष को ऐसे 'कुछ लोगों' के रूप में इंगित किया 'जो विकास नहीं होना देना चाहते.' उन्होंने विपक्ष को यह कहकर कठघरे में खड़ा करने की कोशिश की कि 'जब तक उनका खुद का भला न हो वे दूसरों का भला नहीं देख सकते.' इस बात को आगे बढ़ाते हुए मोदी ने देश को चेताया कि ऐसे लोगों से उन्हें बचना होगा. विकास को अपनी 'प्रतिबद्धता' बतायी, न कि कोई 'राजनीतिक मजबूरी'. भ्रष्टाचार का ज़िक्र तो हुआ पर उस पर उतना वक्त और ऊर्जा मोदी जी ने नहीं लगाई, जितनी वे करते आये हैं. यह सम्भवतः वही 'राजनीतिक मजबूरी' है जिसे वे नकार तो रहे हैं लेकिन यह सर्वविदित है कि इस बार के लोकसभा के चुनाव में उन्हें अपेक्षित सफलता नहीं मिली जिसके कारण वे तेलुगु देसम पार्टी और जनता दल यूनाइटेड पर आश्रित हैं. ध्रुवीकरण के लिये भी मोदी इस मंच का बेधड़क इस्तेमाल करते आये हैं. इस बार उन्होंने वैसा खुल्लमखुल्ला तो नहीं किया परन्तु बांग्लादेश में जारी घटनाओं का उल्लेख कर कहा कि वहां के अल्पसंख्यकों के साथ जो हो रहा है, वह रूकना चाहिये क्योंकि इसे लेकर भारत के 140 करोड़ लोग चिंतित हैं. वे हिन्दू सेंटिमेंट को जगाने की कोशिश तो कर रहे थे पर देखना यह होगा कि उनके इस बयान की बांग्लादेश में क्या प्रतिक्रिया होती है. वहां सरकार के नुमाइंदे इस पर खेद जता चुके हैं और मंदिरों में जाकर वहां के अल्पसंख्यकों की विश्वास बहाली कर रहे हैं. मोदी ने कहा कि महिलाओं के साथ होते अत्याचारों से जनसामान्य आक्रोशित है. इस पर देश, समाज और राज्य सरकारों को गम्भीरता से विचार करना होगा.

> विकास को अपनी 'प्रतिबद्धता' बतायी, न कि कोई 'राजनीतिक मजबूरी'. भ्रष्टाचार का ज़िक्र तो हुआ पर उस पर उतना वक्त और ऊर्जा मोदी जी ने नहीं लगाई, जितनी वे करते आये हैं.

## सुभाषित

**दिवसेनैव तत् कुर्याद् येन रात्रौ सुखं वसेत् ।**
**यावज्जीवं च तत्कुर्याद् येन प्रेत्य सुखं वसेत् ॥**


महाभारत काल में महात्मा विदुर ने उस समय के राजा और प्रजा दोनों को नीति के मार्ग दिखाये हैं. महात्मा विदुर का कहना है कि दिनभर ऐसा काम करो, जिससे रात में चैन की नींद आ सके. वैसे ही जीवनभर ऐसा काम करो, जिससे मृत्यु के पश्चात् सुख मिले अर्थात सद्‌गति प्राप्त हो.

# मामूली झारखंड की गैरमामूली खबरें

**पिछले 24 वर्षों में झारखंड पर 13 सरकारों की मार्फत हर कुल-गोत्र के राजनीतिक गठबंधन ने राज किया. अब 14वीं सरकार के गठन का समय आ चला है. हर दल और हर सरकार ने बड़े-बड़े वादे किये, लेकिन झारखंड मामूली बना रहा. अभी अगले चुनाव की घोषणा हुई नहीं है, लेकिन नेट प्रैक्टिस में परस्पर प्रतिद्वंद्वी दलों/नेताओं की जिस प्रकार बखिया उधेड़ी जा रही है, उससे सबका चेहरा बेनकाब हो रहा है. सरकार को प्रतिपक्षी नाकारा और नाकाबिल साबित करने में कोई कसर बाकी नहीं रख रहे.**



**देश-काल**



श्याम किशोर चौबे

आम्र कुंज के बतौर ख्यात ओकन और हजारी गांव के पड़ोस में जब शहर विकसित हुआ तो नाम पड़ा हजारीबाग. स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान आज से सौ साल से भी पहले यह शहर तब कुछ अधिक ही गैरमामूली बन गया, जब 1916 के लाहौर षडयंत्र केस में आजीवन कारावास भुगत रहे 45 सिख क्रांतिकारियों को मार्च 1917 में यहां की जेल में शिफ्ट कर दिया गया. इन 45 में से सुच्चा सिंह, नत्था सिंह, अर्जन सिंह, गेंदा सिंह, हरनाम सिंह, केसर सिंह, गुज्जर सिंह, सज्जन सिंह, पाखर सिंह, लाल सिंह, हरि सिंह आदि 19 क्रांतिकारियों को अधिक 'खतरनाक' मानते हुए विशेष सेल में रखा गया था. इनमें से 18 क्रांतिकारी 08-09 मार्च 1918 की रात जेल तोड़कर भाग निकले. इनमें से केवल सुच्चा सिंह, तेज सिंह और बुध सिंह ही कभी नहीं पकड़े जा सके, बाकी या तो पकड़ लिए गये या शहीद कर दिये गये. इसके बाद यह शहर तब गैरमामूली बन गया, जब क्विट इंडिया मूवमेंट के अग्रणी नेता जयप्रकाश नारायण को गिरफ्तार कर उसी सेंट्रल जेल में रखा गया और वे चार क्रांतिकारियों संग 09 नवंबर 1942 को 17 फीट ऊंची चहारदीवारी फांदकर भाग निकले थे. इसी घटना की याद में 09 अक्टूबर 2001 को इसका नाम दिया गया जेपी सेंट्रल जेल. इतना गैरमामूली शहर 11-12 अगस्त की दरम्यिानी रात तब बदनामियों के गर्त में समा गया, जब इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में दाखिल हत्या और बलात्कार का सजायाफ्ता बंदी शाहिद अंसारी अपने पहरेदार हवलदार चोहन हेम्ब्रम की हत्या कर भाग गया. यह कांड गैरमामूली है. यह कांड झारखंड पुलिस के चेहरे पर बदनुमा दाग बनकर चस्पां हो गया. शाहिद की फरारी से शासन-प्रशासन शर्मिंदा हुआ कि नहीं, वही जाने. भारत के विशाल नक्शे पर छोटा सा, मामूली सा राज्य झारखंड अंकित है. यह खनिज और वन संपदा के साथ-साथ गैरमामूली खबरों का भी भंडार है. राजनीति जगाने के लिए यहां बड़े-बड़े राजनेता डेरा डाले रहते हैं. बावजूद इसके यहां की राजनीति सुधरती ही नहीं. न तो शासन सुधरता है, न ही प्रशासन. बीस वर्षों में यहां हुए चार विधानसभा चुनावों में राजनीतिक दल बहुमत के लिए तरसते रह गये. वाकई यह गैरमामूली ही खबर है. झारखंडी अवाम किसी भी दल को अकेले राज्य चलाने के योग्य नहीं समझता.

पहरेदारी में लगाये गये हवलदार की हत्या कर और अपनी हथकड़ी से अस्पताल के कमरे को बंद कर सजायाफ्ता कैदी की फरारी के चंद घंटों बाद 12 अगस्त को कुछ अधिक ही गैरमामूली घटना हुई. बोकारो जिले के पेटरवार के निकट दारिद गांव में 34 साल से चल रहे आनंदमार्ग स्कूल को भारतमाला रोड प्रोजेक्ट के तहत अधिग्रहित कर जमींदोज किये के प्रयास से विचलित 70 वर्षीया आचार्या अवधूतिकानंद हितवाहिनी ने किचेन में आत्मदाह कर लिया. उस समय सरकारी अमला उसी परिसर के पास था. इससे शासन-प्रशासन शर्मिंदा हुआ कि नहीं, वही जानें.

पिछले 24 वर्षों में झारखंड पर 13 सरकारों की मार्फत हर कुल-गोत्र के राजनीतिक गठबंधन ने राज किया. अब 14वीं सरकार के गठन का समय आ चला है. हर दल और हर सरकार ने बड़े-बड़े वादे किये, लेकिन झारखंड मामूली बना रहा. अभी अगले चुनाव की घोषणा हुई नहीं है, लेकिन नेट प्रैक्टिस में परस्पर प्रतिद्वंद्वी दलों/नेताओं की जिस प्रकार बखिया उधेड़ी जा रही है, उससे सबका चेहरा बेनकाब हो रहा है. सरकार को प्रतिपक्षी नाकारा और नाकाबिल साबित करने में कोई कसर बाकी नहीं रख रहे. सरकार खजाने का मुंह खोले बैठी है. झारखंड ही नहीं, अन्य राज्यों का भी यही हाल है. हर राज्य में एक ही किस्म की सरकार तो है नहीं. मजे की बात यह कि एक राज्य में बंट रही रेवड़ियां, दूसरे राज्य में अविश्वसनीय बता दी जाती हैं. आधी आबादी को रिझाने के लिए मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, असम आदि में चल रही योजना विशेष की तर्ज पर झारखंड में ताजा-ताजा लागू की गई मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना यहां आलोचना की शिकार है. लगे हाथ सरकार ने पांच एकड़ तक के किसानों के लिए एक रुपये में फसल बीमा योजना का ऐलान कर दिया. इसके पहले 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली और ऐसी ही अन्यान्य योजनाएं लागू की गईं. हमारी सरकारें जन सामान्य के टैक्स के पैसे लुटाकर दाता बनना चाहती हैं, लेकिन एक समान शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधा बहाल करने की सोचती तक नहीं. सरकारें बदलती हैं, योजनाएं बदल जाती हैं. 2014 में बनी एनडीए सरकार महिलाओं द्वारा 50 लाख रुपये तक के जमीन-जायदाद खरीदने पर महज एक रुपया रजिस्ट्री शुल्क योजना लेकर आयी थी. वह योजना उसी सरकार के साथ धराशायी हो गई. अब इंडिया ब्लॉक वाली सरकार है. इसकी योजनाएं और घोषणाएं कितना लंबा सफर तय करती हैं, यह सोच गैरमामूली होगी.

... और अंत में : राजनीतिक और संसदीय जीवन का बहुत बड़ा हिस्सा भाजपा में गुजारने और नाम कमाने के बाद पांच साल पहले निर्दलीय बन जाने और हाल ही जदयू में शामिल हो जाने का सरयू राय का मूव लोगों को गैरमामूली लगा था. 10 अगस्त को मार्क्सवादी समन्वय समिति का माले में विलय हुआ, तब भी यह गैरमामूली सियासत लगी. मार्क्सवादी समन्वय समिति 52 वर्षों से अकेले दम राजनीति कर रही थी. उसका माले में विलयन बाकी दलों की परेशानी का सबब बन सकता है, क्योंकि विधानसभा की 81 ही तो सीटें हैं. हर दिन चुनाव करीब आता जा रहा है. चुनाव की दस्तक के साथ पता नहीं कौन इधर गिरे, कौन उधर गिरे!

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**बोधि-वृक्ष** | सुज्ञ



# विश्वास और विषमता

संत कबीर रोज सत्संग किया करते थे. दूर-दूर से लोग उनकी बात सुनने आते थे. एक दिन सत्संग खत्म होने पर भी एक आदमी बैठा ही रहा. कबीर ने इसका कारण पूछा तो वह बोला, 'मुझे आपसे कुछ पूछना है. मैं गृहस्थ हूं, घर में सभी लोगों से मेरा झगड़ा होता रहता है. मैं जानना चाहता हूं कि मेरे यहां गृह क्लेश क्यों होता है और वह कैसे दूर हो सकता है?' कबीर थोड़ी देर चुप रहे, फिर उन्होंने अपनी पत्नी से कहा, 'लालटेन जलाकर लाओ'. कबीर की पत्नी लालटेन जलाकर ले आई. वह आदमी भौंचक देखता रहा. सोचने लगा इतनी दोपहर में कबीर ने लालटेन क्यों मंगाई. थोड़ी देर बाद कबीर बोले, 'कुछ मीठा दे जाना.' इस बार उनकी पत्नी मीठे के बजाय नमकीन देकर चली गई. उस आदमी ने सोचा कि यह तो शायद पागलों का घर है. मीठा के बदले नमकीन, दिन में लालटेन. वह बोला, 'कबीर जी मैं चलता हूं.' कबीर ने पूछा, 'आपको अपनी समस्या का समाधान मिला या अभी कुछ संशय बाकी है?' वह व्यक्ति बोला, 'मेरी समझ में कुछ नहीं आया.' कबीर ने कहा, 'जैसे मैंने लालटेन मंगवाई तो मेरी घरवाली कह सकती थी कि तुम क्या सठिया गए हो. इतनी दोपहर में लालटेन की क्या जरूरत. लेकिन नहीं, उसने सोचा कि जरूर किसी काम के लिए लालटेन मंगवाई होगी. मीठा मंगवाया तो नमकीन देकर चली गई. हो सकता है घर में कोई मीठी वस्तु न हो. यह सोचकर मैं चुप रहा. इसमें तकरार क्या? आपसी विश्वास बढ़ाने और तकरार में न फंसने से विषम परिस्थिति अपने आप दूर हो गई.' उस आदमी को हैरानी हुई. वह समझ गया कि कबीर ने यह सब उसे बताने के लिए किया था. कबीर ने फिर कहा,' गृहस्थी में आपसी विश्वास से ही तालमेल बनता है. आदमी से गलती हो तो औरत संभाल ले और औरत से कोई त्रुटि हो जाए तो पति उसे नजरअंदाज कर दे. यही सुखी गृहस्थी का मूल मंत्र है.' संत कबीरदास का संदेश यही है कि किसी भी परिवार और समाज में भांति-भांति के लोग रहते हैं. किसी का किसी से कोई मेल नहीं होता, लेकिन आपसी विश्वास विषमता की खाई को पाट देता है. किस हालात में क्या और कितना बोलना चाहिए, इसका तो भान हर व्यक्ति को होना ही चाहिए. तभी घर-परिवार या समाज में सुख-शांति का वास हो सकता है. मित्रता और रिश्तों में भी अवज्ञा पर तकरार से विषमता और विवाद पैदा होता है. प्रतिकूल व्यवहार का भी कोई कारण होगा, अकारण कोई प्रतिकूल नहीं जाता. यदि निष्ठा से संतुलित चिन्तन हो जाय तो कभी सम्बन्ध नहीं बिगड़ते!!

# रोजगारविहीन विकास की घातक रणनीति

**सामयिकी**

डॉ युगल रायलू

मोदी सरकार की रोजगार विहीन विकास की रणनीति के कारण बेरोजगारी की ऊंची दर को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है. वर्ष 2014 में चुनाव के लिए प्रचार के दौरान, नरेंद्र मोदी ने मतदाताओं से कई वायदे किए थे. उनके द्वारा किये गये सबसे प्रमुख वायदों में से एक था हर साल दो करोड नौकरियों का सृजन करना. अपने वायदे के अनुसार, दस वर्षों में उन्हें और उनकी सरकार को प्रधानमंत्री के रूप में तीसरे कार्यकाल के लिए जाने से पहले (प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से) बीस करोड़ नौकरियां (दो सौ मिलियन नौकरियां) पैदा करनी चाहिए थीं. अपने कई वायदों की तरह, पीएम ने बहुत ही चतुराई और सुविधापूर्वक इस वायदे को भूलने का विकल्प चुना. वास्तव में उनके कई नीतिगत निर्णयों के कारण रोजगार में गिरावट आयी, जिससे ऐसी स्थिति पैदा हुई कि पिछले चालीस वर्षों में बेरोजगारी सबसे अधिक बढ़ गयी. देश में रोजगार में गिरावट का एक महत्वपूर्ण कारण सरकार द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों (पीएसयू) को बेचना था. स्वतंत्र भारत में किसी अन्य सरकार ने इतने सस्ते दरों पर इतने सारे पीएसयू नहीं बेचे. कुल मिलाकर इसका असर न केवल उत्पादकता पर पड़ा, बल्कि रोजगार पर भी पड़ा. लाखों युवा बेरोजगार रह गये! एक तरफ बेरोजगारी बढ़ती जा रही थी, दूसरी तरफ आबादी के एक छोटे से हिस्से के पास धन का अधिकाधिक संकेन्द्रण हो रहा था. आबादी का मात्र एक प्रतिशत हिस्सा अब देश की सत्तर प्रतिशत (70प्रतिशत) संपत्ति का मालिक था. दुनिया में कहीं भी, अमीर और गरीब के बीच का अंतर इतना बड़ा नहीं है. भारत को 'एकाधिकार पूंजीवाद' के रास्ते पर ले जाया जा रहा है! सुविधाकर्ता 'भारत सरकार' है. अहमदाबाद से लेकर कोलकाता तक हर हवाई अड्डा अब अडानी समूह का है. हवाई यात्रा की लागत में अचानक वृद्धि के खिलाफ उंगली उठाने की हिम्मत किसी में नहीं है. पीएम नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की कॉरपोरेट समर्थक आर्थिक नीतियों से जो निकला, वह 'बेरोजगारी वाला विकास' का एक पाठ्यपुस्तक मामला था. भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ रही है. हम जल्द या थोड़ी देर से 'पांच ट्रिलियन' की अर्थव्यवस्था बन सकते हैं, फिर भी हमारे युवा बेरोजगार रहेंगे! पिछले साल जब फ्रांस में पर्याप्त नौकरियां नहीं बनीं और मौजूदा नौकरियों में 'हायर एंड फायर' की नीति लायी गयी, तो देश का पूरा युवा बेहतर नौकरी और बेहतर वेतन की मांग को लेकर सड़कों पर उतर आया. एक पूरे हफ़्ते तक फ्रांस में ज़िंदगी ठहर सी गयी थी. आखिरकार मैक्रोन की सरकार ने युवाओं की मांगों के आगे घुटने टेक दिये. 'हायर एंड फायर' की नीति को समय की गारंटी से बदल दिया गया. तभी स्थिति सामान्य हो सकी. नौकरियाँ बहुत ज़रूरी हैं! जब भी अर्थव्यवस्था में मंदी आती है, तो सबसे पहले आकस्मिक कामगारों को मंदी का सामना करना पड़ता है. महिलाओं को सबसे पहले घर भेजा जाता है. फिर अस्थायी कामगारों का नंबर आता है. चूंकि असंगठित क्षेत्र में कोई यूनियन नहीं है, इसलिए गरीब कामगार ठेकेदारों की दया पर निर्भर हैं. रिपोर्ट कहती है कि जब भी बाजार में उथल-पुथल होती है, तो सबसे कम आय वाले लोगों की आय में सबसे ज्यादा गिरावट आती है. मोदी सरकार ने एक और चाल चली है. गरीब लोगों को शिक्षा से दूर रखकर. ऐसे लोगों की रोजगार क्षमता कम हो जाती है. यह एक अवलोकन है कि जब युवा ठीक से शिक्षित नहीं होते हैं तो वे सबसे कम पारिश्रमिक पर जल्दी नौकरी की तलाश करते हैं. यह निजी कंपनियों के लिए अच्छा है. जब कोई बड़ी सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई किसी निजी कंपनी को सौंपी जाती है, तो सबसे पहले नया मालिक कर्मचारियों की संख्या कम कर देता है. इससे तुरंत लाभ की सीमा बढ़ जाती है. चूंकि काम वही रहता है, इसलिए मौजूदा कर्मचारियों को लंबे समय तक काम पर रहना पड़ता है. पूंजीवाद समर्थक स्तंभकार तुरंत निजी खिलाडियों के अधीन कंपनी की कार्यकुशलता के बारे में लिखना शुरू कर देते हैं. वे चतुराई से इस तथ्य को छिपाते हैं कि बहुत से कर्मचारियों की नौकरी चली गयी और शेष कर्मचारियों का प्रतिदिन शोषण किया जा रहा है. बढ़ा हुआ लाभ शोषित श्रमिकों के खून-पसीने की कमाई का प्रतिबिम्ब है. हाल ही में भारत के एक बड़े पूंजीपति ने बैंगलोर में सत्तर घंटे काम करने का आह्वान किया.सभी केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने तुरंत इस प्रस्ताव के खिलाफ आवाज उठाई.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> लाखों युवा बेरोजगार रह गये! एक तरफ बेरोजगारी बढ़ती जा रही थी, दूसरी तरफ आबादी के एक छोटे से हिस्से के पास धन का अधिकाधिक संकेन्द्रण हो रहा था. आबादी का मात्र एक प्रतिशत हिस्सा अब देश की सत्तर प्रतिशत (70प्रतिशत) संपत्ति का मालिक था. दुनिया में कहीं भी, अमीर और गरीब के बीच का अंतर इतना बड़ा नहीं है.

# बच्चों को जिम्मेदार नागरिक बनाना जरूरी

**मनोविज्ञान**

रेनू गहलोत रॉय

बात बहुत पहले की है. जब मैं एक व्यक्ति के घर गई तो वहां मैंने देखा एक लड़की को जो न सुन सकती थी, न ही बोल सकती थी, फिर भी उसके पेरेंट्स ने उसे घर की सारी जिम्मेदारियां दे रखी थीं और वह बखूबी घर की सारी जिम्मेदारियां निभाती थी. मैं यह देखकर हैरान हो गई और मैं उसकी माता-पिता से पूछा, कैसे कर लेती है? यह और क्यों दे रखा है सभी जिम्मेदारी आपने? तो उन्होंने कहा, बेटा आपने देख लिया कि वह कैसे कर रही है और दे क्यों रखा है? इसलिए कि उसे कभी किसी चीज की कमी महसूस न हो. उसे न लगे कि वह कुछ नहीं कर सकती, इसीलिए हमने उसे आत्मनिर्भर बनाने की कोशिश की है और हम लोगों का पूरा विश्वास है उसके ऊपर कि वह अच्छे से सब कुछ कर सकती है.... किंतु आज के समय में हम देखते हैं माता-पिता बहुत ज्यादा ओवर प्रोटेक्टिव हो गए हैं. वे छोटे से छोटे कामों के लिए बच्चों के ऊपर जिम्मेदारी देने से डरते हैं. उन्हें अपने बच्चों पर भरोसा ही नहीं होता और यही आजकल सबसे बड़ा कारण है कि बच्चों में आत्मविश्वास की कमी देखी जा रही है. जब उनके पेरेंट्स को ही अपने बच्चों पर भरोसा नहीं है तो बच्चों में आत्मविश्वास कहां से आएगा? और जब तक बच्चों का स्वयं के प्रति आत्मविश्वास नहीं होगा, हर राह में कठिनाई होगी. वह हर निर्णय लेने के लिए अपने माता-पिता पर निर्भर रहेगा. स्पेशल बच्चों की माता-पिता को सबसे पहले यह स्वीकार करना चाहिए कि उनका बच्चा स्पेशल है और हमें इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है. साथ ही साथ उसके कौशल विकास के लिए हमें उसे प्रोत्साहित करना है और सब कुछ बच्चों को सिखाना है. विशेष प्रकार के बच्चों में मानसिक विकास, सामाजिक विकास, मनोवैज्ञानिक विकास उतना नहीं होता, जितना कि सामान्य बच्चों में जैसे ऑटिज्म, मंदबुद्धि, अटेंशन डिफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर और लर्निंग डिसेबिलिटी वाले बच्चों को विशेष प्रकार की ट्रेनिंग देकर आत्मनिर्भर बनाया जाता है, जिसे मनोचिकित्सा में व्यवहारिक चिकित्सा या बिहेवियर थेरेपी कहते हैं. आजकल देखा जाता है कि हमारे आसपास बहुत से बच्चे ऐसे हैं, जिन्हें व्यावहारिक चिकित्सा की आवश्यकता है, किंतु उनके माता-पिता इस बात से डरते हैं कि हमारे बच्चे को कोई मनोविकार से ग्रसित या मानसिक रोगी न समझे. इसलिए वे किसी भी मनोचिकित्सक के पास जाने को लेकर असमंजस में रहते हैं. समाज में जागरूकता फैलाने के लिए भारत सरकार, गैर सरकारी संस्थाओं और राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य मिशन द्वारा कई प्रकार के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं. आज हमें यह समझने की अत्यंत आवश्यकता है कि जैसे बुखार, सर्दी, जुकाम, पेट दर्द या शरीर की अन्य शारीरिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं किसी भी व्यक्ति को हो सकती हैं, उसी प्रकार मानसिक बीमारियां, मानसिक विकार या मनोविकार किसी भी व्यक्ति को हो सकता है. मनोरोगियों के साथ या विशेष बच्चों के साथ हमें सहानुभूति रखनी चाहिए और उनसे सरल व्यवहार करना चाहिए. बच्चों के पालन पोषण में माता-पिता की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रहती है. आजकल देखा जाता है कि माता-पिता अपने बच्चों की व्यावहारिक समस्याएं, गतिविधियां या अन्य चीजों को लेकर बहुत परेशान रहते हैं. कहीं यह समस्या गंभीर न बन जाए, इससे पहले आप सजग हो जाइए. परिस्थितियां चाहे जैसी भी हों, वे हमेशा एक जैसी नहीं रहतीं. यह आपको सबसे पहले अपने दिलो दिमाग में बैठाना होगा. बच्चों में निर्णय लेने की क्षमता, समस्याओं को समाधान करने की क्षमता, आत्मविश्वास और उनकी मनोवैज्ञानिक रूप से समग्र विकास की ओर ध्यान देने की आवश्यकता है. बच्चों को जिम्मेदार नागरिक बनाने में माता-पिता एक अहम भूमिका निभा सकते हैं. उन्हें जिम्मेदारियां दें और उनका आत्मविश्वास बढ़ाये उन्हें हर सकारात्मक कार्य के लिए प्रोत्साहित करें कार्य छोटा हो या बड़ा हर सकारात्मक कार्य के लिए धनात्मक पुनर्बलन देने की कोशिश करें या प्रशंसा करें. बच्चों के मनोभाव को समझने की कोशिश कीजिए. अधिकतर अभिभावकों की शिकायत रहती है कि बच्चा बहुत चिड़चिड़ा होता जा रहा है. ठीक से बात नहीं करता है.


**(ये लेखिका के निजी विचार हैं)**

> आजकल देखा जाता है कि हमारे आसपास बहुत से बच्चे ऐसे हैं, जिन्हें व्यावहारिक चिकित्सा की आवश्यकता है, किंतु उनके माता-पिता इस बात से डरते हैं कि हमारे बच्चे को कोई मनोविकार से ग्रसित या मानसिक रोगी न समझे. इसलिए वे किसी भी मनोचिकित्सक के पास जाने को लेकर असमंजस में रहते हैं.

**मीडिया में अन्यत्र**

# जलवायु अनुकूल फसलों की आवश्यकता

**यह** तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि जलवायु परिवर्तन के चलते पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों से हमारी खाद्य शृंखला को खतरा पैदा हो गया है. मानसून के पैटर्न में बदलाव, घातक गर्मी की लहरों, समुद्री जलस्तर में वृद्धि तथा आये दिन आने वाले समुद्री तूफान कृषि उत्पादन के लिये संकट पैदा कर रहे हैं. इस बाबत इंटर गवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज की हालिया रिपोर्ट में खतरों के प्रति चेताया गया है. निश्चित रूप से जलवायु परिवर्तन के घातक प्रभावों ने हमारे खेत-खलिहानों में दस्तक दे दी है, जिसका मुकाबला नई रणनीति बनाकर किया जा सकता है. आशंका जतायी जा रही है कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से कृषि के क्षेत्र व फसलों की पैदावार में भारी कमी आ सकती है. खासकर छोटे किसानों के लिये यह संकट बड़ा है जो पूरी तरह से मानसूनी वर्षा पर ही निर्भर रहते हैं. ऐसे में जरूरत इस बात की है कि इन विषम परिस्थितियों में पैदावार को अक्षुण्ण रखने के लिये विशेष उपक्रम किये जाएं. इस दिशा में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने एक दशक पहले जलवायु अनुकूल खेती में नवाचारों को लेकर अपनी परियोजना शुरू की थी. हाल ही में प्रधानमंत्री द्वारा कई अधिक उपज वाली जलवायु अनुकूल फसलों की किस्मों का शुभारंभ करना इसी कड़ी का हिस्सा है. इस बाबत सरकार का कहना है कि अधिक पैदावार वाली गेहूं के बीजों की किस्मों को सफलता पूर्वक तैयार करने के बाद जलवायु प्रतिरोधी बीजों के साथ धान का रकबा बढ़ाना उसकी प्राथमिकता है. निस्संदेह, इस विकट पर्यावरणीय चुनौती का मुकाबला हम निरंतर स्वदेशी समाधानों के जरिये ही कर सकते हैं. जिसमें निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देने की जरूरत महसूस की जा रही है. निस्संदेह, देश में जलवायु परिवर्तन अनुकूलन के लिये चलाये जा रहे कार्यक्रमों की कोई कमी नहीं है,लेकिन जरूरत इस बात की है कि उपलब्ध संसाधनों के विवेकपूर्ण प्रबंधन को बढ़ावा दिया जाए. निस्संदेह, जलवायु परिवर्तन के घातक प्रभावों से कृषि उत्पादन को संरक्षण देने और किसानों के हितों की रक्षा के लिये संसाधनों का बेहतर उपयोग बेहद जरूरी है. इसके साथ ही जल स्रोतों का संरक्षण, वन क्षेत्र की रक्षा, मृदा स्वास्थ्य कार्ड जैसी योजनाओं के जरिये भूमि की उर्वरता बढ़ाने का उपक्रम भी करने की दरकार है. हमें खेती में कृत्रिम खादों के उपयोग में भी संयम बरतना चाहिये. इसी कड़ी में फसलों के विविधीकरण कार्यक्रम को भी गति देने की आवश्यकता है. इसके लिये किसानों को जागरूक और प्रोत्साहित करने की जरूरत है. यह सुखद है कि देश के कई राज्यों में व्यापक पैमाने पर जैविक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है.



**(दैनिक ट्रिब्यून)**

**शब्द चर्चा** — डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## काल/समय

**जो** समय का सदुपयोग करता है, वही जीवन में सफल होता है. विपत्ति काल में जो साथ देता है, वही सच्चा मित्र है. इन दोनों वाक्यों में समय और काल को अरबी के वक्त और अंग्रेजी के टाइम का पर्यायवाची माना जाता है. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार समय और काल दोनों संस्कृत तत्सम संज्ञा पुल्लिंग शब्द हैं. समय का सामान्य अर्थ है काल, वक्त, बेला, अवसर, मौका, अवकाश, फुरसत, अवधि, काल चक्र, दिन और रात के अनुसार काल का कोई मान, किसी बात या काम का निश्चित काल, कोई धार्मिक या साहित्यिक परंपरा या प्रथा. इसी प्रकार काल का सामान्य अर्थ है दो घटनाओं के मध्य का अवकाश जिसकी गणना वर्ष, मास, दिन, घंटा आदि के द्वारा की जाती है, समय, अवधि, अवसर, अंतसमय, मृत्यु, यमराज, महाकाल, शिव, शनि. यानी शब्दकोश काल और समय का लगभग एक जैसा ही अर्थ बताते हैं, लेकिन दोनों शब्दों में सूक्ष्म अंतर है. समय स्वचालित और स्वनिर्धारित इकाई है, जो निरंतर चलायमान होता है. समय का नाप हर अलग अवसर के लिए अलग-अलग है. वहीं काल एक पराश्रित इकाई है, जो दूसरे किसी होनेवाली घटना के पर्याय में समय को भूत, भविष्य और वर्तमान की अनुभूति प्रदान करता है. समय सापेक्ष होता है. यानी दूसरे पर निर्भर होता है, परन्तु काल अटल एवं निश्चित होता है, वह दूसरे पर निर्भर नहीं होता. समय नापने की एक इकाई है. इससे काल की गणना होती है. समय को मनुष्य ने अपने मार्ग दर्शन केलिए बनाया है, लेकिन काल किसी कार्य का कारण और एक नैसर्गिक उपादान है. समय एक ऐसी दैवी शक्ति है जो हर वक्त सतर्क करती रहती है. समय अमूर्त और निरंतर प्रवाह है, जो घटनाओं के क्रम को मापने और व्यवस्थित करने में मदद करता है. समय पर हमारा वश होता है, लेकिन हम काल के आगे विवश होते हैं. व्याकरण ने काल के तीन रूप बताये हैं-भूत काल, वर्तमान काल और भविष्यत काल.

# भांति-भांति के ठग, किसिम-किसिम की ठगी

**तीर-तुक्का**

रवि प्रकाश



ठगों की कई किस्में होती हैं. एक बात सब में खास है कि उनकी बोली बहुत मीठी होती है. सामने वाला आदमी ठगों की मीठी बोली के चक्कर में ऐसा फंसता है कि उसकी सोचने-समझने की शक्ति ही समाप्त हो जाती है. जो ठग कहता है, ठगा जाने वाला व्यक्ति उसी का अनुसरण करता है. अगर ठग ने मोबाइल पर यह संदेश भेज दिया कि आपकी दस लाख रुपए की लॉटरी निकली है और यह संदेश मीठी बोली के द्वारा आया है, तो अगला आदमी उस मीठी बोली के चक्कर में ही फंस जाएगा. मोबाइल पर जो ओटीपी आएगा, वह भी उसे बता देगा. दस लाख पाने के चक्कर में दस-पंद्रह हजार रुपए भी ठग को सौंप देगा. फिर बाद में जब ठगे जाने का पता चलता है, तब वह ठग की मीठी बोली को याद करता है और अपनी किस्मत को कोसता है. जब तक व्यक्ति ठग नहीं जाता, उसे अपने ठगे जाने का कोई एहसास नहीं होता. वास्तविकता तो यह है कि जिस समय व्यक्ति को ठगा जा रहा होता है, वह अपने आप को संसार का सबसे भाग्यशाली व्यक्ति समझता है. आए दिन ठग-दुल्हनें अपने पूरे ठग-परिवार के साथ दूल्हे के घर में विवाह करके प्रविष्ट हो जाती हैं और फिर रातों-रात गहने और नगदी लूटकर चंपत हो जाती हैं.फिर न ठग-दुल्हनों का पता चलता है, न उनके परिवार का पता चलता है. अंत में दूल्हा अपने को ठगा हुआ महसूस करता है. विभिन्न सरकारी नौकरियों में ठगी खूब चलती है. व्यक्ति अपने आपको प्रभावशाली बताता है. उसका हाव-भाव देखकर भी यही लगता है कि यह सज्जन व्यक्ति हैं और भारत के एक सौ महान व्यक्तित्वों में से एक हैं. ठगा जाने वाला व्यक्ति अगले की बातों में आकर लाखों रुपए एडवांस में दे देता है. कई बार ठग फिर नजर ही नहीं आते. कई बार चोरी और सीनाजोरी अंदाज में मूंछों पर ताव देकर पीड़ित व्यक्ति के सामने से गुजरते हैं और चुनौती भरे अंदाज में कहते हैं कि हमारा जो बिगाड़ सकते हो, बिगाड़ लो. पीड़ित व्यक्ति ठग की मीठी बोली को याद करता है और उस मीठी बोली से ठगे जाने पर अफसोस के अतिरिक्त और कुछ नहीं कर पाता. छोटे-मोटे लोगों की तो छोड़िए, बड़े-बड़े नेता लोग चुनाव में टिकट प्राप्त करने के चक्कर में ठग जाते हैं. अगला व्यक्ति पार्टी के बड़े-बड़े नेताओं के साथ अपने फोटो की एल्बम दिखाता है और विश्वास दिला देता है कि एमएलए, एमपी का टिकट दिलाना उसके बाएं हाथ का खेल है. लोभी व्यक्ति अपने दाएं हाथ से ठग के दोनों हाथों मैं धन राशि काम करने के लिए देता है. ठग वह धनराशि लेकर उसके बाद चंपत हो जाता है. सरकारी ठीकेदार आमतौर पर सरकारी विभागों को ठगते हैं. मान लीजिए सड़क पर एक सौ रुपए खर्च होने हैं वे पचास रुपए खर्च करते हैं तथा पचास रुपए की ठगी कर लेते हैं. विभाग उनके पीछे-पीछे दौड़ता है. कई बार विभाग के अफसर भी ठगी में शामिल हो जाते हैं. तब समझ में नहीं आता कि ठीकेदारों और अफसर की मिली-भगत से हुई ठगी के पीछे कैसे दौड़ा जाए ! कुछ लोग दौड़ते हैं, लेकिन फिर बाद में पता चलता है कि वे भी ठगों के साथ मिल गए.

### एक्सएलआरआई में राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस समारोह का आयोजन, डीसी बोले

# किताब मनुष्य का सच्चा दोस्त, लाइब्रेरी में जरूर बिताएं समय

- सात अगस्त को आयोजित क्विज के सभी विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया

**संवाददाता । जमशेदपुर**



राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस समारोह में डीसी रवि शंकर शुक्ला व अन्य.

एक्सएलआरआई जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, जमशेदपुर में गुरुवार की शाम राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस समारोह का आयोजन किया गया. इसमें मुख्य अतिथि के रूप में सरायकेला-खरसांवा के डीसी रविशंकर शुक्ला उपस्थित थे. उन्होंने एक्सएलआरआइ के सर जहांगीर गांधी लाइब्रेरी में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत पद्मश्री डॉ. एसआर रंगनाथन की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया.

उन्होंने अपने जीवन में लाइब्रेरी के महत्व की जानकारी दी. उन्होंने कहा कि छात्र जीवन में काफी अधिक समय लाइब्रेरी में बिताया. इससे नियमित रूप से पढ़ने की आदत विकसित हुई. लाइब्रेरी में सिर्फ विषयों से संबंधित किताबें ही नहीं, बल्कि कई लाइट मूड की किताबें भी रखने की सलाह दी. किताब सच्चे दोस्त होते हैं. हर किसी को लाइब्रेरी में जरूर समय व्यतीत करना चाहिए. उन्होंने सभी को जिला पुस्तकालय भ्रमण का भी आमंत्रण दिया. इस अवसर पर एक्सलर्स ने उनसे कई सवाल भी पूछे, जिसका उन्होंने जवाब दिया.

इस दौरान पिछले सात अगस्त को आयोजित क्विज के सभी विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया. डीसी रविशंकर शुक्ला ने एक्सएलआरआइ की नयी लाइब्रेरी का भी उद्घाटन किया. इससे पूर्व एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज, प्रोफेसर गिरिधर रामाचंद्रन, लाइब्रेरी इंचार्ज डीटी एडविन ने उनका स्वागत किया.

### किताब का स्थान कोई नहीं ले सकता : डायरेक्टर

कार्यक्रम के दौरान डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज ने कहा कि आज के दौर में यूट्यूब पर पढ़ाई हो रही है, ऑनलाइन क्लास हो रही है. यह कोविड के दौर में काफी महत्वपूर्ण हो गया था. लेकिन किताब का स्थान कोई नहीं ले सकता है. उन्होंने कहा कि पुस्तकालय ज्ञान की मंजिल का स्रोत है. इस अवसर पर लाइब्रेरी के सभी स्टाफ के बीच उपहार का भी वितरण किया गया.

### डीसी शशि रंजन ने की बैठक

# पलामू में मुख्यमंत्री 21 को आएंगे, कार्यक्रम हुआ तय

- कार्यक्रम में पलामू, लातेहार व गढ़वा के महिला लाभार्थी भाग लेंगी

**संवाददाता । मेदिनीनगर**

सीएम हेमंत सोरेन 21 अगस्त को पलामू दौरे पर रहेंगे. मुख्यमंत्री के प्रस्तावित पलामू दौरे को लेकर उपायुक्त शशि रंजन ने शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में विभिन्न विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक की. बैठक में उन्होंने अलग-अलग पदाधिकारी को टास्क सौंपा. उन्होंने कार्यक्रम के दौरान समुचित व्यवस्था पर भी चर्चा की. उपायुक्त रंजन ने नगर आयुक्त को निर्धारित स्थल का साफ-सफाई कराने के निर्देश दिये. उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से सभी तैयारी को फूल प्रूफ करने को लेकर संबंधितों को निर्देश दिये. उन्होंने कहा कि सभा स्थल पर जेएसएलपीएस की ओर से लोगों के लिए खाने का प्रबंध किया जायेगा. बता दें कि मुख्यमंत्री 21 अगस्त को मेदिनीनगर में प्रमंडलीय स्तरीय मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे. कार्यक्रम में पलामू, लातेहार व गढ़वा के महिला लाभार्थी भाग लेंगी. इतनी बड़ी संख्या में आ रहे लाभार्थियों को बैठने की व्यवस्था, उनके परिवहन की व्यवस्था, खाने-पीने, स्टेज की व्यवस्था आदि की व्यवस्था को लेकर उन्होंने कई पदाधिकारी को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी.

## स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक
अजय टोप्पो
पंचायत रुद
गारू, लातेहार

78 वें स्वतंत्रता दिवस की प्रखंड व जिला वासियों को हार्दिक शुभकामनायें
निवेदक
राकेश रंजन
आरपीएफ इंस्पेक्टर
बरवाडीह, लातेहार

जीवन हॉस्पीटल
24X7
डॉ आलोक सिंह
संचालक, जीवन हॉस्पिटल, बरवाडीह बस स्टैंड, लातेहार

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक
आशीष सिंह
मुखिया
मोरवाईकला, बरवाडीह
लातेहार

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक
राजेश प्रसाद
भाजपा मंडल अध्यक्ष
छिपादोहर, बरवाडीह, लातेहार

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक
जितेंद्र सिंह
मुखिया
खुरा, बरवाडीह, लातेहार

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक
बुद्धेश्वर सिंह
मुखिया
केचकी,बरवाडीह, लातेहार

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक
राधेश्याम कुमार
थाना प्रभारी
बरवाडीह, लातेहार

78 वें स्वतंत्रता दिवस की प्रखंड व जिला वासियों को हार्दिक शुभकामनायें
निवेदक
मनोज कुमार
अंचलाधिकारी
बरवाडीह
लातेहार

78 वें स्वतंत्रता दिवस की प्रखंड व जिला वासियों को हार्दिक शुभकामनायें
निवेदक
कुणाल कुमार सिंह
सचिव
भारतीय लोक कल्याण संस्थान
झारखंड जलछाजन योजना
बरवाडीह लातेहार

78 वें स्वतंत्रता दिवस की प्रखंड व जिला वासियों को हार्दिक शुभकामनायें
निवेदक
डॉ पवन कुमार
संचालक
शांति निकेतन पब्लिक स्कूल, बरवाडीह, लातेहार
फोन न: 95075 59093

78 वें स्वतंत्रता दिवस की प्रखंड व जिला वासियों को हार्दिक शुभकामनायें
निवेदक
रेशमा रेखा मिंज
प्रखंड विकास पदाधिकारी
बरवाडीह, लातेहार

78 वें स्वतंत्रता दिवस की मनिका विधानसभा क्षेत्र व जिला वासियों को हार्दिक शुभकामनायें
रामचंद्र सिंह
विधायक, मनिका विधानसभा, लातेहार
देश की आजादी के लिए कुर्बानी देने वाले वीर स्वतंत्रता सेनानियों को शत शत नमन

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक
उमेश दुबे
वनों के क्षेत्र पदाधिकारी
गारू पूर्वी, लातेहार

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक
तौकीर मियां
झामुमो प्रखंड अध्यक्ष
गारू, लातेहार

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक
विनय कुमार सिंह
प्रदेश अध्यक्ष
झारखंड अनुबंध पारा चिकित्सा कर्मी संघ, लातेहार, झारखंड

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक
प्रमोद कुमार सिन्हा
सदर थाना प्रभारी
लातेहार

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक
विवेक मिश्रा
भूमि संरक्षण पदाधिकारी

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक
पंकज सिंह
भाजपा जिला अध्यक्ष
लातेहार

प्रकाश राम
भाजपा नेता सह पूर्व विधायक, लातेहार
स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक
माजुल अंसारी
लाइन मैन सह समाजसेवी कैरो प्रखंड, लोहरदगा

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक
चंद्रनाथ भाई पटेल
प्रदेश कार्य समिति सदस्य
भारतीय जनता पार्टी विष्णुगढ़

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक
प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विष्णुगढ़

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक
नित्यानंद दास
अंचल अधिकारी विष्णुगढ़

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक
फणीश्वर नाथ महतो
प्राचार्य प्लस टू उच्च विद्यालय विष्णुगढ़

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक
अखिलेश कुमार
प्रखंड विकास पदाधिकारी विष्णुगढ़

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक
डॉ अरुण कुमार सिंह
प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी विष्णुगढ़

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के ओलंपियनों से चुटकी ली

# पेरिस में एसी नहीं होने पर किस-किसने मुझे कोसा

- स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले पर समारोह का आयोजन
- नीरज चोपड़ा और मनु भाकर की खूब तारीफ की

भाषा। नयी दिल्ली

खेलों के महाकुंभ पेरिस ओलंपिक से स्वदेश लौटे भारतीय खिलाड़ियों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को मुलाकात की. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय ओलंपिक दल के लिए आयोजित समारोह में खिलाड़ियों ने दिल खोलकर बात की. पीएम ने कहा कि मनु भाकर आजाद भारत की ऐसी पहली एथलीट बन गई हैं, जिन्होंने एक ही ओलंपिक्स में दो मेडल जीते हैं. ओलंपिक के सवा सौ साल के इतिहास में अब तक ऐसा कभी नहीं हुआ था. मनु ने पेरिस ओलंपिक्स की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में ब्रॉन्ज मेडल जीता. उसके बाद 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में सरबजोत सिंह के साथ मिलकर भी ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा जमाया. पीएम मोदी ने नीरज चोपड़ा की तारीफ भी की. पीएम ने बताया कि नीरज भारत के ऐसे पहले एथलीट बन गए हैं, जिन्होंने एकल स्पर्धाओं में अलग-अलग ओलंपिक्स में गोल्ड और सिल्वर मेडल जीता हो.

प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लालकिले पर हुए समारोह के बाद गुरुवार को ओलंपिक दल की मेजबानी की. प्रधानमंत्री मोदी द्वारा साझा किए गए वीडियो में उन्हें खिलाड़ियों से व्यक्तिगत तौर पर बात करते देख जा सकता है. कार्यक्रम में लक्ष्य सेन ने बताया कि कैसे कोच प्रकाश पादुकोण ने उनका मोबाइल ले लिया था, हॉकी कप्तान हरमनप्रीत सिंह ब्रिटेन के खिलाफ मैच में रोमांचक जीत पर बोले और जब पेरिस में एयर कंडीशनर नहीं होने की चर्चा चली तो कोई अपनी हंसी नहीं रोक सका. पुरुष एकल बैडमिंटन में चौथे स्थान पर रहे लक्ष्य सेन से बातचीत में मोदी ने कहा, जब मैं लक्ष्य से पहली बार मिला था तब वह बहुत छोटा था.अब बड़ा हो गया है. आपको पता है कि अब आप एक सेलिब्रिटी बन गए हो. इस पर लक्ष्य ने कहा, जी सर. लेकिन मैचों के दौरान प्रकाश सर ने मेरा फोन ले लिया था और कहा था कि मैच पूरे होने के बाद ही फोन मिलेगा. उसके बाद ही मुझे पता चला कि सभी ने मेरी कितनी हौसलाअफजाई की. मेरा अपने पहले ओलंपिक में अनुभव अच्छा रहा. पहले कुछ मैचों में नर्वस था.




### भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी की तैयारी कर रहा

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पेरिस ओलंपिक भारत के लिए निर्णायक रहे. भारत के 117 सदस्यीय दल ने एक रजत और पांच कांस्य समेत छह पदक जीते. जो जीत नहीं सके, वे इस हार को अपने दिमाग से निकाल दें. आपने देश को गौरवान्वित किया है और कुछ सीखकर लौटे हैं. खेलों में कोई हारता नहीं है, हर कोई सीखता है. मेरा मानना है कि पेरिस ओलंपिक भारतीय खेलों के उत्थान के लिए लांचपैड होंगे. यह निर्णायक बिंदु होगा. इसके बाद हम सिर्फ जीतेंगे, हम रुकने वाले नहीं हैं. उन्होंने कहा, भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी की तैयारी कर रहा है. ओलंपिक खेलने वाले खिलाड़ियों की राय काफी महत्वपूर्ण होगी. आपने वहां कई चीजें देखी होंगी, ओलंपिक की योजना से तमाम सुविधाओं तक, खेल प्रबंधन से इवेंट प्रबंधन तक. आपका अनुभव, आपने जो जो देखा, उसे लिखिये ताकि 2036 ओलंपिक के लिए ये सभी छोटी-छोटी बातें और आपका अनुभव हमें तैयारी में मदद करे. इस तरह से आप 2036 ओलंपिक के सैनिक हैं.

### पीएम ने श्रीजेश की जमकर तारीफ की, कहा - आप हमेशा याद किए जाओगे

नयी दिल्ली। ओलंपिक से लौटे भारतीय खिलाड़ियों से प्रधानमंत्री मोदी ने पूरे भारतीय दल की प्रशंसा की और उन सबको ''चैंपियन'' का तगमा दिया. खास तौर पर भारतीय हॉकी टीम के गोलकीपर पीआर श्रीजेश की पीएम ने जमकर तारीफ की. प्रधानमंत्री ने श्रीजेश की प्रशंसा करते हुए कहा कि टीम उन्हें याद करेगी. भारतीय पुरुष हॉकी टीम की दीवार कहे जाने वाले गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने पेरिस ओलंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीतने के साथ अपने करियर का शानदार अंत किया. श्रीजेश ने कप्तान हरमनप्रीत सिंह के साथ मिलकर पीएम मोदी को अपनी मुलाकात के दौरान भारत की जर्सी और हॉकी भी भेंट की. खिलाड़ियों से बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री ने श्रीजेश के संन्यास के फैसले के बारे में पूछा, श्रीजेश, क्या आपने पहले ही संन्यास लेने का फैसला कर लिया था? श्रीजेश ने जवाब में कहा, मैं पिछले कुछ सालों से संन्यास लेने के बारे में सोच रहा था. मेरे साथी खिलाड़ी अक्सर मजाकिया अंदाज में पूछते थे, तुम कब जा रहे हो? पेरिस ओलंपिक से पहले मुझे लगा लगा कि ओलंपिक जैसे भव्य मंच पर संन्यास लेना, जहां पूरी दुनिया एक साथ आती है, मेरे करियर को समाप्त करने का सबसे सही तरीका होगा इसलिए मैंने इस मंच पर संन्यास लेने का फैसला किया था.

### अफ्रीका-वेस्टइंडीज दूसरे टेस्ट के पहले दिन 17 विकेट गिरे

**प्रोविडेंस ।** दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के बीच दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन तेज गेंदबाजों का दबदबा रहा और कुल 17 विकेट गिरे. शामार जोसेफ ने 33 रन देकर पांच विकेट लिये, जिसकी मदद से मेजबान टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 160 रन पर आउट कर दिया. इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया. दक्षिण अफ्रीका के लिये तेज गेंदबाज हरफनमौला वियान मूल्डर ने 18 रन देकर चार विकेट चटकाये और पहले दिन का खेल समाप्त होने पर वेस्टइंडीज के सात विकेट 97 रन पर गिर गए थे.

### मोहन बागान एसजी का सामना अल वकराह से

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्लब मोहन बागान सुपर जायंट को शुक्रवार को 2024-25 एएफसी चैम्पियंस लीग 2 के ड्रॉ में ग्रुप ए में कतर के अल वकराह एससी, ईरान के ट्रैक्टर एफसी और ताजिकिस्तान के एफसी रावशान के साथ रखा गया. ड्रॉ कुआलालम्पुर के एएफसी हाउस में कराया गया. मोहन बागान एसजी ने 2023-24 इंडियन सुपर लीग शील्ड जीतने से पुरुषों के एएफसी क्लब टूर्नामेंट में दूसरे टीयर के लिए क्वालीफाई किया. मोहन बागान 2023-24 एएफसी कप ग्रुप चरण में तीसरे स्थान पर रहा था.

### ऑस्ट्रेलिया ए ने भारत ए को फिर हराया

**मैके (ऑस्ट्रेलिया)।** सलामी बल्लेबाज मैडी डार्के के नाबाद अर्धशतक और शानदार गेंदबाजी प्रयासों से ऑस्ट्रेलिया ए ने शुक्रवार को यहां दूसरे महिला वनडे मैच में भारत ए पर आठ विकेट से जीत दर्ज की. इस जीत से ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है. घरेलू ए टीम ने पहला वनडे चार विकेट से जीता था. भारत ए महिला टीम 48 ओवर में 218 रन पर सिमट गयी.

## पीकेएल के सबसे महंगे खिलाड़ी बने सचिन

- तमिल थलाइवाज ने 2 .15 करोड़ रुपये में खरीदा
- 12 फ्रेंचाइजी टीमों को कुल 20 खिलाड़ियों की हुई नीलामी

एजेंसी। मुंबई



प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 11 के लिए मुंबई में हुई खिलाड़ियों की नीलामी के पहले दिन सचिन तंवर सबसे महंगे खिलाड़ी बनकर उभरे. उन्हें तमिल थलाइवाज ने 2.15 करोड़ रुपये में खरीदा. मोहम्मदरेजा शादलुई चियानेह नीलामी के सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बनकर उभरे, जिन्हें हरियाणा स्टीलर्स ने 2.07 करोड़ रुपये में खरीदा. वह लगातार खिलाड़ियों की नीलामी में 2 करोड़ रुपये से अधिक में खरीदे जाने वाले पहले विदेशी खिलाड़ी बन गए. 12 फ्रेंचाइजी टीमों को कुल 20 खिलाड़ी बेचे गए, जिसमें पहले दिन तीन फाइनल बिड मैच (एफबीएम) कार्ड का इस्तेमाल किया गया. बंगाल वारियर्स, तेलुगु टाइटंस और गुजरात जायंट्स ने क्रमशः मनिंदर सिंह, पवन सहरावत और सोमबीर के लिए एफबीएम कार्ड का इस्तेमाल किया. इस खिलाड़ी नीलामी में पीकेएल के इतिहास में एक करोड़ रुपये के क्लब में रिकॉर्ड संख्या में खिलाड़ी शामिल हुए. प्लेयर ऑक्शन में सचिन, मोहम्मदरेज़ा शादलुई चियानेह, गुमान सिंह, पवन सहरावत, भरत, मनिंदर सिंह, अजिंक्य पवार और सुनील कुमार एक करोड़ क्लब का हिस्सा थे. 1.15 करोड़ रुपये में यू मुंबा में गए सुनील कुमार अब तक के सबसे महंगे भारतीय डिफेंडर बन गए. पीकेएल के इतिहास में सबसे अधिक रेड पॉइंट वाले खिलाड़ी - प्रदीप नरवाल को बेंगलुरु बुल्स ने 70 लाख रुपये में खरीदा, इस बीच, अनुभवी डिफेंडर सुरजीत सिंह को जयपुर पिंक पैंथर्स ने 60 लाख रुपये में खरीदा.

कार्यक्रम के आयोजक मशाल स्पोर्ट्स की ओर से बोलते हुए, लीग कमिश्नर अनुपम गोस्वामी ने कहा, पीकेएल सीज़न 11 प्लेयर ऑक्शन में कई रिकॉर्ड टूटते हुए देखना बिल्कुल रोमांचक था.

## पेरिस पैरालंपिक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद: मांडविया



भाषा। नयी दिल्ली

अपनी जिंदगी में हर तरह की चुनौतियों को मात देकर पैरालंपिक खेलों में भारत के प्रतिनिधित्व के लिए तैयार खिलाड़ी एक बार फिर से पैरालंपिक खेलों में अपनी चमक बिखरने को तैयार है. पैरालंपिक खेलों का आयोजन 28 अगस्त से आठ सितंबर तक पेरिस में होगा. भारत के 84 सदस्यीय दल के लिए शुक्रवार को यहां आयोजित विदाई समारोह में केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा कि उन्हें 'चुनौती' को चुनौती देने वाले खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद है. इस मौके पर खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे, भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के अध्यक्ष देवेन्द्र झाझड़िया और उद्घाटन समारोह में भारतीय ध्वजवाहक सुमित अंतिल मौजूद थे.

#### ग्रां शतरंज टूर

### प्रज्ञानानंदा, फिरौजा की बढ़त कायम

**सेंट लुइस (अमेरिका)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा यहां सेंट लुइस रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में अंतिम दिन भी आखिरी स्थान पर बने हुए हैं. हालांकि इससे पहले उन्होंने ब्लिट्ज वर्ग में दो बाजियां जीतीं. प्रज्ञानानंदा ने टूर्नामेंट से पूर्व दावेदारों में शामिल रूस के इयान नेपोमनियाश्चि और रूस के हिकारू नाकामुरा पर दो जीत दर्ज की. इसके अलावा उन्होंने टूर्नामेंट में शीर्ष पर चल रहे फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा से ड्रॉ खेला, पर वह ब्लिट्ज के पहले चरण के बचे हुए छह मैच गंवा बैठे. अब ब्लिट्ज वर्ग में केवल नौ ही दौर बचे हैं. फिरौजा ने मौकों का पूरा फायदा उठाया और 17.5 अंक से एकल बढ़त बनाये हैं. वह अमेरिका के वेस्ले सो और नेपोमनियाश्चि से 1.5 अंक आगे चल रहे हैं.





























**ब्रीफ खबरें**

### नहर किनारे मिला युवक का संदिग्ध शव

**नवादा ।** नवादा में जहां नहर के किनारे एक युवक की संदिग्ध शव मिलने के बाद पूरे इलाका में दहशत का माहौल कायम हो गया है. वहीं मृतक के परिजनों के द्वारा हत्या का आरोप लगाया गया है. पूरा मामला शुक्रवार का है. जहां वारसलीगंज थाना क्षेत्र के जियापुर गांव के नहर में एक युवक की शव को पुलिस ने बरामद किया है. मृतक युवक की पहचान लगभग 28 वर्ष से मुकेश चौहान के रूप में किया गया है. मृतक के परिजन ने बताया कि एक व्यक्ति के द्वारा खेत में काम करने को लेकर लगातार दवाब बन रहा था.

### छात्रों को लड्डू नहीं मिला तो शिक्षकों को पीट दिया

**बक्सर ।** बक्सर में स्वतंत्रता दिवस पर स्कूल में लड्डू नहीं मिलने के कारण छात्रों ने जमकर हंगामा किया. छात्रों ने शिक्षकों के साथ पहले बदतमीजी की. जिसके बाद स्कूल के बाहर रास्ते में उनकी जमकर पिटाई भी कर दी. दरअसल, पूरा मामला बक्सर के चौगाई के मुरार थाना क्षेत्र का है. जानकारी अनुसार झंडोत्तोलन के बाद स्कूल में छात्र-छात्राओं को लड्डू बांटे जा रहे थे. तभी लड्डू न मिलने पर एक छात्र शिक्षकों से भिड़ गया. उसने पहले तो स्कूल परिसर में शिक्षकों से बदतमीजी की. फिर स्कूल के बाहर पकड़कर उनकी पिटाई भी कर दी.

### पैक्स अध्यक्ष को मारी गोली, घायल

**मुजफ्फरपुर ।** मुजफ्फरपुर में बाइक सवार अपराधी ने पैक्स अध्यक्ष को गोली मार दिया. जिसके बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई. बताते चलें कि पुरा मामला मुजफ्फरपुर जिले के साहेबगंज थाना क्षेत्र का है जहां गुरुवार सुबह जब पैक्स अध्यक्ष झंडा तोलन के लिए दुकान पर जलेबी और बुनिया लाने गए थे. उसी समय बाइक सवार दो अपराधियों वहा पहुंचे और पैक्स अध्यक्ष पर गोली चला दिया. गनीमत यह रही कि गोली पैक्स अध्यक्ष के कान को छूती हुई निकल गई. जिसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इलाज के लिए उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया.

डीजीपी आरएस भट्टी का सबसे बड़ा ऐलान

# बिहार में 20% महिला पुलिस अधिकारी संभालेंगी थाना

- बोले-कम समय में सेवा देने वाली बिहार पुलिस होगी देश में नंबर वन

**संवाददाता ।पटना**


पुलिस महानिदेशक आरएस भट्टी

78वें स्वतंत्रता दिवस को लेकर जहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाई तो विपक्ष के लगातार निशाने पर रहने वाले बिहार पुलिस ने भी दावा किया है कि हम सेवा देने में देश के दूसरे स्थान पर हैं, जबकि क्विक सेवा देने में सातवें स्थान पर हैं. वही बिहार पुलिस का लक्ष्य है जल्द ही पूरे राज्य के 20% थानों में महिला थाना अध्यक्ष हो. स्वतंत्रता दिवस के मौके पर पटना के पुलिस मुख्यालय में झंडोत्तोलन के बाद अपने संबोधन में पुलिस महानिदेशक आरएस भट्टी ने कहा कि हम लोग बिहार पुलिस में 20000 महिला पुलिसकर्मी हो चुके हैं. यह महिला सशक्तिकरण का सबसे बड़ा उदाहरण है.

उन्होंने कहा, बिहार पुलिस में महिलाओं की संख्या करीब 20 हजार तो हो चुकी है, लेकिन सिर्फ संख्या बल नहीं हमने यह भी प्रयास किया है कि उनकी विभिन्न तरीकों से जो महिलाओं की आवाज है, वह थाना में और महिलाओं का विभाग के अंदर सशक्तिकरण हो. आज के तारीख में 223 महिला पदाधिकारी राज्य के थानों में थानाध्यक्ष के पद पर या अपर थानाध्यक्ष के पद पर स्थापित हैं, इनमें कुछ थाना अध्यक्ष के पद पर हैं, जो हमारी पदों की संख्या के हिसाब से 11% पर हैं और जैसे-जैसे उन्हें आगे बढ़ाएंगे तो हमें उम्मीद है कि बहुत जल्द पूरे बिहार में 20% महिला थाना अध्यक्ष होंगी.

डीजीपी भट्टी ने कहा कि इसके अलावा पिछले एक साल से हमने हर थानों में महिला हेल्प डेस्क स्थापित किया है और इसका मुख्य उद्देश्य है महिलाओं को महिला पदाधिकारी से सीधा संपर्क स्थापित हो. उस महिला अधिकारी का फोन नंबर भी साझा किया गया है ताकि महिला लोग बिना किसी संकोच के महिला पदाधिकारी से बात कर सके और उनकी समस्या दूर हो सके. महिलाओं की जो आवाज है पुलिस व्यवस्था में उसे दुरुस्त करने की हम कोशिश कर रहे हैं.

डीजीपी ने बिहार में लॉ एंड ऑर्डर को चुस्त दुरुस्त होने की बात करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी ने कुछ महीने पहले ही 112 डायल सेवा के दूसरा चरण में हरी झंडी दी गई तो आज की डेट में बिहार में जो डायल 112 की आपात कालीन सेवा है वह प्रतिदिन 5000 लोगों को सेवा दे रही है. हमारी 1833 गाड़ियां पूरे राज्य में कार्य कर रही है, जिनके साथ एंबुलेंस और अग्निशमन सेवा भी कार्यरत और इस वर्ष हम करीब 15 लाख लोगों को आपातकालीन सहायता देंगे.

उन्होंने कहा कि यह हाल में ही हमने स्थापित की है इसके बावजूद हमारा जो रिस्पांस टाइम है 18 मिनट है. कहीं भी बिहार में किसी को भी जरूरत हो 112 डायल करें और 18 मिनट हमारी सेवा पहुंचती है. यह एक बड़ी उपलब्धि है. डीजीपी ने दावा करते हुए कहा कि इस क्रम में जो राष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकन हुआ है उसमें लोगों को तुरंत सेवा देने में बिहार राष्ट्रीय स्तर पर दूसरे स्थान पर पहुंच गई है. साथ ही रिस्पांस टाइम के मामले में जो 18 मिनट का समय 112 के पहुंचने का है उसमें हम राष्ट्रीय स्तर पर सातवें स्थान पर पहुंच गए. अभी और काम बाकी है, मुझे उम्मीद है कि हम बहुत जल्द पूरे देश में पहले स्थान पर रहेंगे.

### मुसहारा धार में डूबने से छात्र की हो गई मौत परिजनों में मचा कोहराम

**अररिया ।** फारबिसगंज प्रखंड के सिमराहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत देवपूरा केबलासी निवासी विपिन यादव के 13 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार की पानी में डूबने से मौत हो गई. राहुल कुमार क्लास छह का छात्र था और शुक्रवार को अपने खेत जाने के क्रम में रास्ते में पड़ने वाले मुसहारा धार पार करने के क्रम में गहरे पानी में चले जाने और पानी के तेज बहाव में वह बह गया. जिनसे उनकी मौत हो गई. घटना से परिजनों में कोहराम मच गया. सूचना के बाद सिमराहा थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अररिया सदर अस्पताल भिजवाया. जहां पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया. घटना को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि राहुल अपने खेत की ओर जा रहा था. खेत के रास्ते में पड़ने वाले मुसहारा धार पार करने के दौरान गहरे पानी के तेज बहाव में बह जाने के कारण वह डूब गया. खेत में कार्य कर रहे मजदूरों ने राहुल को बचाने की काफी कोशिश की लेकिन तेज बहाव के कारण राहुल को ढूंढ पाने में सफल मां हो पाया और जब तक ग्रामीण उसे बाहर निकालते उनकी मौत हो चुकी थी. मृत अवस्था में उन्हें पानी से बाहर निकाला गया.

एमजी विंडसर के नए टीजर में दिखाई दीं

## भारत का पहला क्रॉसओवर यूटिलिटी व्हीकल हुआ तैयार

**एजेंसी ।गुरुग्राम**



एमजी मोटर इंडिया ने अपने जल्द लॉन्च होने वाले भारत के पहले क्रॉसओवर यूटिलिटी व्हीकल (सीयूवी) - एमजी विंडसर का नया टीजर पेश किया है. इस टीजर में पानी में फर्राटे से चलने की इसकी बेजोड़ खूबियों को पेश किया गया है. यह नया टीजर एमजी विंडसर की बेहतरीन इंजीनियरिंग और भारतीय सड़कों के अनुकूल इसकी विभिन्न खासियतों को पेश करती है. इसकी यही खूबियां इस कार को भारत के विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों के लिए एक सबसे उपयोगी एवं इंटेलिजेंट सीयूवी के रूप में स्थापित करती हैं.

इस टीजर की बात करें तो इसमें एमजी विंडसर को चुनौतीपूर्ण इलाकों से बेहद आत्मविश्वास के साथ गुजरते हुए दिखाया गया है. भारत में हर साल मानसून के मौसम जल जमाव एक आम चुनौती है, जिसका सामन हर कार चालक को करना पड़ता है. बहुत ही सावधानी के साथ डिज़ाइन की गई, एमजी विंडसर आसानी से गहरे पानी में संतुलन बनाए रखती है. यह सब इस कार के ऊंचे ग्राउंड क्लीयरेंस और सीयूवी स्टांस के कारण संभव हुआ है. अपनी इन्हीं खूबियों के साथ यह सबसे चुनौतीपूर्ण इलाकों में भी एक सुविधाजनक और सुरक्षित ड्राइव का अनुभव प्रदान करती है.

## फ्रेओ को चालू वित्त वर्ष में सकल राजस्व में 25-30 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद

**नयी दिल्ली ।** डिजिटल बैंकिंग मंच फ्रेओ के सह-संस्थापक अनुज कक्कड़ ने कहा कि कंपनी को चालू वित्त वर्ष 2024-25 में सकल राजस्व में 25-30 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है. कक्कड़ ने 'पीटीआई-भाषा' के साथ बातचीत में विनियमित संस्थाओं से जुड़े डिजिटल ऋण ऐप (डीएलए) के सार्वजनिक रूप से रिकॉर्ड रखने के भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के हालिया प्रस्ताव को एक अच्छा कदम बताया. उन्होंने कहा कि इससे डिजिटल ऋण परिदृश्य को लेकर विश्वास बढ़ेगा. कक्कड़ ने कहा कि फ्रेओ का कारोबार विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ रहा है और कंपनी लाभप्रदता बनाए रखने के अपने संकल्प पर अडिग है. उन्होंने कहा, इस वर्ष हम सकल राजस्व में 25-30 प्रतिशत की वृद्धि तथा शुद्ध राजस्व में 50-60 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं, क्योंकि सकल राजस्व में हमारा हिस्सा बढ़ेगा. फ्रेओ का वित्त वर्ष 2023-24 में सकल राजस्व 350 करोड़ रुपये था. कंपनी दिसंबर 2023 से मुनाफे में है.

## एसबीआई ने सभी अवधि के लिए ब्याज दरों में 0.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी की


**नयी दिल्ली ।** देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक ने सभी अवधियों के लिए 'मार्जिनल कॉस्ट ऑफ फंड्स-बेस्ड लेंडिंग रेट' (एमसीएलआर) में 0.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है, जिससे अधिकतर उपभोक्ता ऋण महंगे हो गए हैं. बैंक ने लगातार तीसरी बार ब्याज दर में वृद्धि की है. एसबीआई की वेबसाइट पर मौजूद जानकारी के अनुसार, एक वर्ष की अवधि के लिए मानक एमसीएलआर अब 8.95 प्रतिशत पर निर्धारित की गई है, जबकि पहले यह दर 8.85 प्रतिशत थी. एमसीएलआर का इस्तेमाल मोटर वाहन और व्यक्तिगत जैसे अधिकतर उपभोक्ता ऋणों के मूल्यांकन में किया जाता है. एमसीएलआर तीन साल के लिए 9.10 प्रतिशत और दो साल के लिए 9.05 प्रतिशत होगी. इसके अलावा एक महीने, तीन महीने और छह महीने की अवधि के लिए ब्याज दरें 8.45-8.85 प्रतिशत के दायरे में हैं. 'ओवरनाइट' अवधि के लिए एमसीएलआर 8.10 प्रतिशत के मुकाबले 8.20 प्रतिशत होगी. नई दरें 15 अगस्त 2024 से लागू हो गईं.

सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

## बेखौफ अपराधियों ने जदयू नेता को मारी गोली, मौत

**संवाददाता ।सहरसा**

सहरसा में बेखौफ अपराधियों ने जदयू अध्यक्ष को गोली मारकर हत्या कर दी. घटना कहरा प्रखंड अंतर्गत बनगांव थाना क्षेत्र के बरियाही गांव की है. मृतक की पहचान जदयू के प्रखंड अध्यक्ष जवाहर यादव के रूप में की गई है. स्थानीय लोगों का कहना है कि जदयू अध्यक्ष को तीन गोली लगी है. घटना के बाद स्थानीय लोग उन्हें आनन-फानन में निजी नर्सिंग में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. स्थानीय लोगों का कहना है कि शनिवार को सांसद दिनेश चंद्र यादव का अभिनंदन समारोह होना है. जदयू नेता उसी कार्यक्रम के आमंत्रण का कार्ड बांटकर घर लौटे थे. फिर दाढ़ी बनाने के लिए घर से निकलकर सैलून जा रहे थे, तभी तीन बाइक सवार अपराधी वहां पहुंचे और उनपर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाने लगे. गोली लगते ही वह जमीन पर गिर पड़े. उन्हें मर समझ कर अपराधी वहां से फरार हो गये. गोली चलते ही वहां अफरातफरी का माहौल हो गया. आनन-फानन में स्थानीय लोग उन्हें सहरसा के नर्सिंग अस्पताल में ले गये, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.



### पुलिस मुखबिरी के आरोप में युवक की पीट-पीटकर हत्या

**बिहारशरीफ ।** दीपनगर थानाक्षेत्र के महानंदपुर गांव में पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाकर एक युवक की पीट-पीटकर कर हत्या कर दी. मृतक की पहचान महानंदपुर गांव निवासी 25 वर्षीय युवक गणेश राय के रूप में की गयी है. घटनाक्रम की जानकारी देतें हुए मृतक के भाई बिपिन कुमार ने बताया कि वह मिठाई खाने स्वीटी होटल गया था. जहां 25-30 की संख्या में साइबर अपराधियों ने उसे होटल पर से अगवा कर लिया और मारपीट करते हुए नदी की ओर ले गए. जिसकी सूचना दीपनगर थाना पुलिस को दी गयी. घटना की जायजा ले रहे आरक्षी उपाधीक्षक नुरुल हक ने बताया की ग्रामीणों से सूचना मिला कि एक युवक के साथ मारपीट की जा रही है.

## पूर्व विधायक अनंत सिंह बेऊर जेल से हुए रिहा

**संवाददाता ।पटना**

मोकामा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व बाहुबली विधायक अनंत सिंह को शुक्रवार सुबह पटना स्थित बेऊर जेल से रिहा कर दिया गया. अनंत सिंह की रिहाई से उनके परिवार और समर्थकों में जबर्दस्त उत्साह है. अनंत सिंह की रिहाई को लेकर शुक्रवार सुबह से बड़ी संख्या में उनके समर्थक और कार्यकर्ता बेऊर जेल के बाहर जमे हुए थे. प्रक्रिया पूरी करने के बाद जेल प्रशासन ने एंबुलेंस से उन्हें बाहर निकाला. सुबह पांच बजकर दस मिनट पर पूर्व विधायक अनंत सिंह जेल से बाहर निकले. मौके पर बेटे अंकित सिंह भी समर्थकों के साथ मौजूद थे. जेल से बाहर आने पर समर्थकों ने उनका शाही स्वागत किया. सबने मिलकर पूर्व विधायक का शानदार स्वागत करते हुए उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया. वे यहां से अपने गांव लदमा के लिए रवाना हो गए. बता दें कि चर्चित एके-47 मामले में पटना हाई कोर्ट ने बुधवार को उन्हें साक्ष्य के अभाव में बरी करने का आदेश दिया था. पटना के सिविल कोर्ट ने उन्हें इस मामले में 10 साल की सजा सुनाई थी. इसके बाद से वे बेऊर जेल में कैद थे. साथ ही उनकी विधानसभा की सदस्यता भी चली गई थी. अनंत सिंह 2016 से बेऊर जेल में बंद थे.










































### स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले पर पीएम मोदी ने 11वीं बार ध्वजारोहण किया, 98 मिनट तक देश को संबोधित किया

# भ्रष्टाचार, परिवारवाद पर पीएम का हमला, दलितों पर विशेष ध्यान

78वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को लगातार 11वीं बार लाल किले पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया. इस अवसर पर उन्होंने लाल किले की प्राचीर से 98 मिनट तक देश को संबोधित किया. पीएम मोदी ने इतिहास का जिक्र कर आने वाले समय के लिए देशवासियों को आगाह किया. सर्जिकल स्ट्राइक, प्राकृतिक आपदा, रिफॉर्म्स और गवर्नेस मॉडल तक कई विषयों पर भी बोले. संविधान, पिछड़े समाज और परिवारवाद पर बात की. उन्होंने एक लाख युवाओं को राजनीति में जन प्रतिनिधियों के रूप में लाने का आह्वान किया. संविधान का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हमारे संविधान को 75 वर्ष हो रहे हैं. देश को श्रेष्ठ बनाने और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में इसका अहम योगदान रहा है. संविधान ने दलितों को सुरक्षा देने का काम किया है. हमें अपने कर्तव्यों को भी समझना जरूरी है. कर्तव्य केंद्र के भी हैं, राज्य सरकारों के भी और हर संस्थान के हैं. इसके साथ-साथ 140 करोड़ देशवासियों के भी कर्तव्य हैं. सब अगर इसका पालन करेंगे, तो सभी की रक्षा होगी.

- गैर राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले एक लाख युवाओं से राजनीति में आने का आह्वान
- संविधान का जिक्र, सर्जिकल स्ट्राइक, रिफॉर्म्स और गवर्नेस मॉडल पर भी बोले



लगातार न्यूज नेटवर्क। नयी दिल्ली

पीएम मोदी ने 'मेरे परिवारजनों' शब्द से अपने संबोधन की शुरुआत की. उनके संबोधन में सरकार की उपलब्धियों के बखान के साथ भविष्य के लिए रोडमैप भी था. उन्होंने भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण को लेकर किसी का नाम लिए बगैर विरोधी दलों पर जमकर निशाना भी साधा. उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार ने देश को दीमक की तरह नोंच लिया है, लेकिन ये मोदी के जीवन का प्रतिबद्धता है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ता रहूंगा. वहीं परिवारवाद पर कहा कि इसने देश को जकड़ रखा है, लोगों का हक छीना है. प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की राजनीति को हमें परिवार-जातिवाद से मुक्ति दिलवानी होगी. नए भारत में एक मिशन यह भी है कि हम जल्द से जल्द देश में, राजनीतिक जीवन में, एक लाख ऐसे नौजवान को आगे लाएं, जिनके परिवार में किसी की भी कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि न हो. जरूरी नहीं है कि एक ही दल में आएं, जिस दल में जाना है, वहां जाएं. इससे नई सोच आएगी, लोकतंत्र समृद्ध होगा.उन्होंने कहा कि तीसरी बुराई तुष्टिकरण है, जिसने देश के मूलभूत चिंतन को नुकसान पहुंचाया है. हमें इन बुराइयों के खिलाफ पूरे सामर्थ्य के साथ लड़ना है.

## समृद्ध और विकसित भारत बनाने का संकल्प

पीएम ने कहा कि आजादी से पहले सैकड़ों साल की गुलामी का हर कालखंड संघर्ष का रहा. 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के पहले भी कई आदिवासी क्षेत्र थे, जहां आजादी की जंग लड़ी जाती थी. 40 करोड़ देशवासियों ने जज्बा और सामर्थ्य दिखाया, भारत की आजादी का एक सपना और संकल्प लेकर चलते रहे. हमारी रगों में उन्हीं का खून है. पीएम ने कहा कि जब 40 करोड़ लोग गुलामी की बेड़ियों को तोड़ सकते हैं, तो 140 करोड़ मेरे परिवारजन अगर संकल्प लेकर एक दिशा निर्धारित कर चल पड़ते हैं, तो हर चुनौती को पार कर 2047 तक समृद्ध और विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं.

## संकल्प लेकर बड़े रिफॉर्म जमीन पर उतारे

उन्होंने आगे कहा कि जब राजनीतिक नेतृत्व में संकल्प हो, आत्मविश्वास हो और सरकारी मशीनरी उसे पूरा करने के लिए जुट जाती है. देश में स्टेटस क्यू का माहौल बन गया था. जो है उसी में गुजारा कर लो, हमने इस मानसिकता को तोड़ा. लोगों में विश्वास भरा. देश का आम नागरिक बदलाव चाहता था, उसकी ललक, उनके सपनों को तरजीह देते हुए हमने बड़े रिफॉर्म जमीन पर उतारे. आज इसी रिफॉर्म के कारण हमारे बैंकों ने देश के कुछ गिने-चुने मजबूत बैंकों में अपना स्थान बनाया. जब बैंक मजबूत होते हैं, तो फॉर्मल इकॉनमी की ताकत बढ़ जाती है.

## देश मणिपुर के साथ, शांति से ही समाधान होगा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से अपने संबोधन में मणिपुर हिसा का भी जिक्र किया. उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर और मणिपुर, देश के अन्य हिस्सों में हिंसा का दौर चला. कई लोगों को जान गंवानी पड़ी. पीएम ने कहा कि बेटियों की इज्जत के साथ खिलवाड़ हुआ. देश मणिपुर के साथ है. अब शांति की खबरें आ रही है. शांति से ही समाधान का रास्ता निकलेगा. राज्य और केंद्र सरकार मिलकर समस्या का समाधान खोजने के लिए काम कर रही हैं. घटना मणिपुर में होती है तो देश को भी दुख होता है. हम एक हैं. हम सब मिलकर काम करेंगे.

## पीएम ने बांग्लादेश के हालात पर जताई चिंता

ीएम ने कहा, बांग्लादेश में जो कुछ हुआ है. पड़ोस देश होने के नाते हम हालात को लेकर चिंतित हैं. हम उम्मीद करते हैं कि वहां हालात जल्द सामान्य होंगे. 140 करोड़ देशवासियों की चिंता यह है कि वहां हिंदू, अल्पसंख्यक समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित हो. भारत हमेशा चाहता है कि हमारे पड़ोसी देश सुख और शांति के मार्ग पर चलें. शांति के प्रति हमारी प्रतिबद्धता है. आने वाले दिनों में बांग्लादेश की विकास यात्रा के लिए हमेशा हमारी शुभेच्छा रहेगी.

## चिनावाट बनीं थाईलैंड की सबसे कम उम्र की पीएम

**बैंकाक।** थाईलैंड की संसद ने पाएटोंगटार्न चिनावाट को प्रधानमंत्री पद के लिए चुन लिया है. चिनावाट थाईलैंड के पूर्व नेता और अरबपति टाकसिन की बेटी हैं. 37 वर्षीय चिनावाट थाईलैंड के इतिहास की सबसे कम उम्र की प्रधानमंत्री बनी हैं. साथ ही वे इस पद पर पहुंचने वाली देश की दूसरी महिला हैं. आंटी यिंगलुक थाईलैंड की प्रधानमंत्री बनने वाली देश की पहली महिला थीं. पूर्व प्रधानमंत्री श्रीथा टाविसिन को संवैधानिक कोर्ट से बर्ख़ास्त करने के ठीक दो दिन बाद चिनावाट को प्रधानमंत्री पद के लिए चुना गया है.

## पाकिस्तान में एमपॉक्स का पहला मामला मिला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में एमपॉक्स संक्रमण का पहला मामला सामने आया है. पाकिस्तान के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक़, एमपॉक्स से संक्रमित व्यक्ति ख़ैबर-पख़्तूनख़्वा के मरदान ज़िले का रहने वाला है जो कि खाड़ी देशों से मुल्क़ वापस लौटा है. इससे पहले स्वीडन में एमपॉक्स का पहला मामला सामने आया था. विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अफ़्रीका के कुछ हिस्सों में फैल रही एमपॉक्स बीमारी के चलते ग्लोबल पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी का एलान किया है. डब्ल्यूएचओ ने एमपॉक्स को अंतरराष्ट्रीय चिंता का विषय भी बताया है. कॉन्गो में इस बीमारी के शुरुआती दौर में ही 450 से भी ज़्यादा लोगों की जान जा चुकी है.

# हरियाणा और जेएंडके में विस चुनाव की तारीखों का ऐलान

एजेंसी। नयी दिल्ली

- जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में होंगे चुनाव
- हरियाणा में एक ही चरण में चुनाव होगा
- 4 अक्टूबर को दोनों राज्यों का परिणाम

चुनाव आयोग ने शुक्रवार को हरियाणा और जम्मू कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है. चुनाव आयोग ने बताया कि जम्मू कश्मीर में तीन चरणों में- 18 सितंबर, 25 सितंबर और एक अक्बटूर को मतदान होगा. हरियाणा में एक अक्बटूर को मतदान होगा. दोनों राज्यों में मतगणना चार अक्बटूर को होगी. हरियाणा विधानसभा का कार्यकाल 3 नवंबर को समाप्त हो रहा है, जबकि सुप्रीम कोर्ट ने 30 सितंबर से पहले जम्मू कश्मीर में चुनाव कराने का आदेश दिया था. मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि जम्मू कश्मीर में 90 विधानसभा सीटें होंगी. ये परिसीमन के बाद की सीटें हैं. चुनाव आयोग ने बताया कि जम्मू कश्मीर विधानसभा में इस बीर 3 सीटें बढ़ाई गई हैं. पिछली बार जम्मू कश्मीर विधानसभा में 87 सीटें थीं. मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा, 'जम्मू कश्मीर की 90 सीटों में से 74 सामान्य हैं. वहीं अनुसूचित जनजाति के 9 और अनुसूचित जाति के लिए 7 सीटें आरक्षित की गई हैं.' जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया गया था. जम्मू-कश्मीर और लेह-लद्दाख.



### अधिकारियों के तबादलों पर एनसी ने उठाए सवाल


चुनाव के ऐलान के बाद जम्मू-कश्मीर की प्रमुख पार्टी नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने शुरुआती टिप्पणी में कहा कि ' 'देर आए, दुरुस्त आए.' उमर अब्दुल्ला ने कहा, "जम्मू-कश्मीर के लोगों को काफी समय से इसका इंतजार था. 2018 के बाद से यहां कोई लोकतांत्रिक सरकार नहीं बनी. देर से ही सही आखिरकार ये हो रहा है. वहीं नेशनल कॉन्फ्रेंस ने भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) से पुलिस और प्रशासनिक स्तर पर बड़े पैमाने पर किए गए तबादलों की गहन जांच करने और ऐसे आदेशों के क्रियान्वयन पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है.

दिल्ली से सटे हरियाणा में 2019 विधानसभा चुनावों में कोई भी दल स्पष्ट बहुमत हासिल नहीं कर सका था. कुल 90 सीटों में से बीजेपी को 40, कांग्रेस को 31, जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) को 10, निर्लदलीय पांच, इंडियन नेशनल लोकदल, हरियाणा जनहित कांग्रेस और शिरोमणि अकाली दल को एक-एक सीट मिली थी. स्पष्ट बहुमत ना मिलने के बावजूद बीजेपी ने निवर्तमान मुख्यमंत्री मननोहर लाल खट्टर के नेतृत्व में जेजेपी के गठबंधन में सरकार बनाई. हालांकि, 2024 में लोकसभा चुनावों से पहले बीजेपी ने मनोहर लाल खट्टर को मुख्यमंत्री पद से हटार नायाब सैनी को सीएम बना दिया था. इस बदलाव के बावजूद 2019 में हरियाणा में दस लोकसभा सीटों में से दसों सीटें जीतने वाली बीजेपी को 2024 लोकसभा चुनावों में पांच सीटें गंवानी पड़ीं. जेजेपी और बीजेपी गठबंधन में भी दरार पड़ गई और दुष्यंत चौटाला के अलग होने के बाद बीजेपी ने निर्दलयों के साथ मिलकर राज्य में सरकार बनाईं. आगामी विधानसभा चुनावों में हरियाणा में बीजेपी और कांग्रेस के बीच दिलचस्प मुक़ाबला हो सकता है. बीते दस सालों से राज्य में बीजेपी की सरकार है, ऐसे में पार्टी को सरकार विरोधी लहर का सामना भी करना पड़ सकता है. 5 अगस्त 2019 को भारत सरकार ने जम्मू-कश्मीर को मिला विशेष राज्य का संवैधानिक दर्जा समाप्त कर राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांट दिया था. जम्मू-कश्मीर में पिछले विधानसभा चुनाव दिसंबर 2014 में हुए थे. हालांकि कोई भी पार्टी राज्य में बहुमत हासिल नहीं कर सकी थी. पीडीपी ने सबसे ज़्यादा 28 सीटें जीतीं थीं, बीजेपी को 25 सीटें मिलीं थीं जबकि नेशनल कांफ्रेंस ने 15 और कांग्रेस ने 12 सीटें जीतीं थीं.

### सूरज बड़जात्या को राष्ट्रीय बेस्ट डायरेक्टर का पुरस्कार

# गुलमोहर को मिला बेस्ट हिंदी फिल्म का अवॉर्ड, ऋषभ शेट्टी बने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता

एजेंसी। नयी दिल्ली



70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के विजेताओं का ऐलान हो गया है. वर्ष 2022 के लिए गुलमोहर को बेस्ट हिंदी फिल्म का अवॉर्ड मिला है. जबकि मलयालम फिल्म अट्टम को बेस्ट फिल्म का पुरस्कार मिला है. बेस्ट कन्नड़ फिल्म का पुरस्कार केजीएफ चैप्टर 2 को दिए जाने का ऐलान किया गया है. राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में मलयालम फिल्म आट्टम को बेस्ट फिल्म का पुरस्कार मिला है, जबकि सूरज आर बड़जात्या को हिंदी फिल्म ऊंचाई के लिए बेस्ट डायरेक्टर का पुरस्कार देने का ऐलान किया गया है. तमिल फिल्म तिरुचितरंबलम के लिए नित्या मेनन और गुजराती फिल्म कच्छ एक्सप्रेस के लिए मानसी पारेख को बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला है. बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड कन्नड फिल्म कांतारा के एक्टर ऋषभ शेट्टी को मिला है. बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का अवॉर्ड ऊंचाई फिल्म में अपने किरदार के लिए नीना गुप्ता को मिला है जबकि हरियाणवी फिल्म फौजा के लिए पवन मल्होत्रा को बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवॉर्ड मिला है. शर्मिला टैगोर और मनोज बाजपेयी की फिल्म गुलमोहर को बेस्ट हिंदी फिल्म का पुरस्कार दिया गया है. मनोज बाजपेयी को स्पेशल मेंशन भी मिला है. मणि रत्नम की फिल्म पोन्निईन सेल्वन 1 के बैकग्राउंड म्यूजिक के लिए ए.आर. रहमान को पुरस्कार मिला है. पोन्निईन सेल्वन 1 को बेस्ट तमिल फिल्म का अवॉर्ड भी मिला है. प्रीतम को ब्रह्मास्त्र पार्ट 1 के लिए बेस्ट म्यूजिक डायरेक्टर (सॉन्ग) का पुरस्कार भी मिला है.

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

रामाशीष यादव
थाना प्रभारी सेरेंगदाग थाना लोहरदगा जिला

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

परमेश्वर महतो
आजसू प्रखंड सचिव कुड़ू, लोहरदगा

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

अरविंद कुमार सिंह
भंडरा थाना प्रभारी, लोहरदगा

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

आफताब आलम
उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी लोहरदगा जिला सह प्रखंड सदर भंडरा प्रखंड, लोहरदगा

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

साकिर हुसैन अंसारी
अध्यक्ष झामुमो किस्को प्रखंड, लोहरदगा

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

रइस खान
समाजसेवी जीमा कुड़ू, लोहरदगा

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

आकाश उरांव
समाजसेवी सह मत्स्य पालक किसान सदर प्रखंड लोहरदगा जिला

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

प्रतिमा कुमारी
प्रखंड विकास पदाधिकारी भंडरा, लोहरदगा

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

बाबर खान
समाजसेवी कुड़ू प्रखंड लोहरदगा जिला

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

हलीम अंसारी
समाजसेवी ककरगढ़ पंचायत कुड़ू प्रखंड लोहरदगा

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

डॉ संजय कुमार
प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा, लोहरदगा

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

बाबर अंसारी
सेक्रेटरी अंजुमन ए इस्लामिया अंबेरा, भंडरा प्रखंड, लोहरदगा

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

अमस अंसारी
सोशल मीडिया स्टेट कोऑर्डिनेटर झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

कुलदीप राज
थाना प्रभारी कुड़ू लोहरदगा

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

मुस्तरी खातुन
प्रधानाध्यापिका एजुकेशनल पब्लिक स्कूल भंडरा, लोहरदगा

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

साजिद अंसारी
समाजसेवी भंडरा प्रखंड, लोहरदगा जिला

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

अजय उरांव
उरांव, अध्यक्ष झामुमो युवा मोर्चा लोहरदगा जिला

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

रवि उरांव
मुखिया व विनोद कुमार दुबे पंचायत सचिव ग्राम पंचायत हिसरी किस्को लोहरदगा

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)